दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

ईवीएम कांड पर सियासी बवाल

अदालत का दरवाजा खटखटाएगा उद्धव ठाकरे गुट

अमित बृज । मुंबई

महाराष्ट्र इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (EVM) कांड को लेकर जमकर राजनिति हो रही है। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) इस मुद्दे को लेकर अदालत का दरवाजा खटखटाने की तैयारी में है। तो वहीं, चुनाव आयोग ने EVM मशीन को लेकर आरोपों को निराधार करार दिया है। आदित्य ठाकरे ने सोमवार को मुंबई उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट के परिणाम को 'धोखाधड़ी' करार दिया, जहां शिवसेना (यूबीटी) के उम्मीदवार अमोल कीर्तिकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना के रवींद्र वायकर से 48 मतों से हार गए। विधायक ने दावा किया, 'सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करके हमारी जीत छीन ली गयी।' ठाकरे ने कहा कि उनकी पार्टी मुंबई उत्तर पश्चिम सीट के चुनाव परिणाम को चुनौती देने वाली याचिका के साथ अदालत का रुख करेगी। उन्होंने दावा किया, 'अगर चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से होते तो भाजपा 240 नहीं बल्कि केवल 40 सीटें जीतती।'

मतगणना केंद्र पर मोबाइल का इस्तेमाल

उल्लेखनीय है कि मुंबई में वनराई पुलिस ने वायकर के रिश्तेदार के खिलाफ गोरेगांव (जो वायकर के निर्वाचन क्षेत्र का हिस्सा है) में एक मतगणना केंद्र पर 4 जून को आम चुनावों के परिणाम घोषित होने के दिन मोबाइल फोन का कथित रूप से इस्तेमाल करने का मामला दर्ज किया है।

बदला गया मोबाइल फोन

शिवसेना (यूबीटी) नेता और राज्य के पूर्व मंत्री अनिल परब ने कहा, 'हमें संदेह है कि मोबाइल फोन (जांच के दौरान जब्त किया गया) बदल दिया गया होगा।' उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग को उपलब्ध जानकारी के आधार पर स्वत: संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करनी चाहिए और कीर्तिकर को विजेता घोषित करना चाहिए। उन्होंने कहा, 'घोषित चुनाव परिणाम संदिग्ध हैं। हम कानूनी रास्ता अपना रहे हैं। हम एक या दो दिन में अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे।'

19वें राउंड के बाद बिगड़ा खेल

परब ने कहा कि मुंबई उत्तर पश्चिम सीट के लिए मतगणना प्रक्रिया 19वें राउंड तक ठीक थी, लेकिन उसके बाद कोई पारदर्शिता नहीं रही। उन्होंने कहा, '19वें राउंड तक हमारे मत विपक्षी उम्मीदवार से 650 अधिक थे।' परब ने यह भी दावा किया कि कई स्थानों पर उम्मीदवारों को फॉर्म 17सी और 17सी 2 (मतदान की संख्या से संबंधित) नहीं दिए गए। उन्होंने दावा किया, "मुंबई उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट की निर्वाचन अधिकारी को लगातार किए गए फोन कॉल की भी जांच होनी चाहिए। वह फोन पर बात करने के लिए कई बार अपनी सीट से हट जाती थीं।'

उबाठा विधायक विलास पोतनिस के खिलाफ केस दर्ज

4 जून 2024 को लोकसभा चुनाव की मतगणना के दिन सशस्त्र पुलिस गार्ड के साथ मतगणना केंद्र में प्रवेश करने पर उबाठा गुट के विधान परिषद विधायक विलास पोतनिस के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। रविवार देर रात वनराई पुलिस स्टेशन में विलास पोतनिस के खिलाफ केस दर्ज किया गया।

राउत ने कहा- लोकसभा में सांसद की शपथ पर लगे रोक : अब सोमवार को शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने सोमवार को कहा कि शिवसेना नेता रवींद्र वायकर को लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने से रोका जाना चाहिए। बता दें कि मुंबई के वनराई पुलिस ने वायकर के साले के खिलाफ मतगणना केंद्र पर मोबाइल फोन इस्तेमाल करने का मामला दर्ज किया है। संजय राउत ने कहा, 'वायकर की चुनावी जीत संदेह के घेरे में है, और मुंबई के वनराई पुलिस स्टेशन में पहले ही शिकायत दर्ज की जा चुकी है।

न्यूज़ ब्रीफ

राहुल ने वायनाड सीट छोड़ी, अब प्रियंका लड़ेंगी उपचुनाव

नई दिल्ली। प्रियंका गांधी वाड्रा ने चुनावी राजनीति का आगाज कर दिया है। केरल की वायनाड लोकसभा सीट से प्रियंका गांधी चुनाव लड़ेंगी। उनके भाई राहुल गांधी ने वायनाड की जगह रायबरेली सीट से सांसद बने रहने का फैसला किया है। कांग्रेस-सपा के लोकसभा चुनाव में कामयाबी से उत्साहित राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश में ही अपनी पार्टी की सियासी जमीन को और मजबूत करने के मकसद से यह फैसला किया है। वहीं, राहुल गांधी ने वायनाड की जनता से भी जुड़े होने का संदेश देने के मकसद से अपनी बहन प्रियंका को वहां से कांग्रेस का उम्मीदवार घोषित किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार शाम इस बात की आधिकारिक घोषणा की कि केरल की वायनाड सीट से प्रियंका गांधी वाड्रा उपचुनाव लड़ेंगी।

▸ पेज 8 भी देखें

बीजेपी ने भूपेंद्र और अश्विनी को बनाया महाराष्ट्र चुनाव प्रभारी

मुंबई/नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने भूपेंद्र यादव और अश्विनी वैष्णव को महाराष्ट्र के लिए राज्य चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। साथ ही धर्मेंद्र प्रधान और बिप्लब कुमार देव को हरियाणा का चुनाव प्रभारी बनाया है। इसके अलावा पंजाब और पश्चिम बंगाल में विधानसभा उप-चुनाव के लिए 5 सीटों पर उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया है। जालंधर पश्चिम सीट से शीतल अंगुराल, रायगंज से मानस कुमार घोष, राणाघाट दक्षिण से मनोज कुमार बिस्वास, बगदा से बिनय कुमार बिस्वास और मानिकताला से कल्याण चौबे भट्टाचार्य के नाम की घोषणा की है। उधर, कांग्रेस ने भी हिमाचल और उत्तराखंड की 4 सीटों पर उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है। इनमें हमीरपुर से डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा, नलगढ़ से हरदीप सिंह बावा, बद्रीनाथ से लखपत बुटोला और मंगलोर से काजी निजामुद्दीन का नाम शामिल है।

त्र्यंबकेश्वर मंदिर में भक्तों के साथ मारपीट. FIR दर्ज

नासिक। महाराष्ट्र के नासिक जिले में प्रसिद्ध त्र्यंबकेश्वर मंदिर में तैनात सुरक्षा गार्डों ने दो भक्तों के साथ कथित तौर पर मारपीट की है। पुलिस ने पीड़ित के शिकायत पर मामले में तीन सुरक्षा गार्डों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पीड़ित महिला ने आरोप लगाया है कि वह कुछ सीढ़ियों से गिर गई और उसके सिर में चोट लग गई। त्र्यंबकेश्वर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि घटना रविवार सुबह त्र्यंबकेश्वर मंदिर में हुई।

मानसून सत्र के बाद होगा खेला

अजित पवार के 18 से 19 राकांपा विधायक बदलेंगे पाला

▸▸ रोहित पवार ने किया दावा

दोपहर संवाददाता । मुंबई

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के नेता रोहित पवार ने सोमवार को दावा किया कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ राकांपा के 18 से 19 विधायक राज्य विधानसभा के आगामी मानसून सत्र के बाद उनके पाले में आ जाएंगे। रोहित पवार ने यहां संवाददाताओं से कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के कई विधायक हैं जिन्होंने जुलाई 2023 में पार्टी में हुए विभाजन के बाद कभी भी पार्टी के संस्थापक शरद पवार और अन्य वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ गलत बात नहीं की। राकांपा (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार के पोते ने कहा, '' लेकिन उन्हें विधानसभा सत्र में भाग लेना है और अपने निर्वाचन क्षेत्रों के लिए विकास निधि प्राप्त करनी है। इसलिए वे सत्र समाप्त होने तक प्रतीक्षा करेंगे। राकांपा के 18 से 19 विधायक हमारे और पवार साहब के संपर्क में हैं, और वे मानसून सत्र के बाद उनके पक्ष में आ जाएंगे। ''

27 जून से शुरू होगा मानसून सत्र

अविभाजित राकांपा ने 2019 के चुनावों में 54 विधानसभा सीटें जीती थीं। जुलाई 2023 में जब पार्टी विभाजित हुई, तो अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट ने लगभग 40 विधायकों के समर्थन का दावा किया था। विधानमंडल का मानसून सत्र 27 जून से शुरू होगा और 12 जुलाई को समाप्त होगा। राज्य में अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले यह आखिरी सत्र होगा।

करंट की चपेट में आने से परिवार के तीन सदस्यों की मौत

पुणे। पुणे जिले के दौंड तहसील के दापोडी गांव में सोमवार सुबह बिजली का करंट की चपेट में आने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में पति-पत्नी और बेटा शामिल हैं। जानकारी के अनुसार सुनील देवीदास भालेकर सपरिवार दापोडी गांव में पतरे के घर में रहते थे। सोमवार सुबह सुनील ने स्नान कर अपना तौलिया तार पर सूखने के लिए डालने गए थे, लेकिन तार में बिजली का करंट आ रहा था। तार पर तौलिया के दौराव चिपक गए। इसे देख उनकी पत्नी अदिका भालेकर और उनके छोटे बेटे परशुराम भालेकर ने भी सुनील को बचाने का प्रयास किया और वे तीनों बिजली के तार से चिपक गए। घटना की जानकारी मिलते ही पड़ोसी तत्काल मौके पर पहुंचे और बिजली डिकनेक्ट किया। इसके बाद तीनों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। घटना के समय एक बेटी किसी काम से घर से बाहर गई थी। इस घटना से गांव में शोक की लहर फैल गई है।

मुंबई के 60 अस्पतालों में बम विस्फोट की धमकी

▸▸ ईमेल के जरिए मिली बम की धमकी

▸▸ मौके पर पहुंचे बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड

दोपहर संवाददाता । मुंबई

मुंबई में आए दिन बम की धमकियां मिलती रहती हैं। अब एक बार फिर मुंबई में मीरा रोड स्थित एक अस्पताल को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मुंबई पुलिस ने इस घटना की जानकारी देते हुए कहा, मीरा रोड के एक अस्पताल में बम होने की धमकी मिलने के बाद पुलिस ने लोगों की आवाजाही रोकने के लिए बैरिकेडिंग कर दी।

ताज होटल को बम से उड़ाने की धमकी : मुंबई की बम की धमकी मिलना आम बात नहीं है। इससे पहले मुंबई पुलिस को छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट और ताज होटल को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। बता दें कि मुंबई पुलिस को कंट्रोल रूम से एक कॉल आई थी,जिसमें कहा गया कि ताज होटल और शहर के एयरपोर्ट पर बम रखा गया है। बम की धमकी मिलने के बाद पुलिस अलर्ट हो गई थी।

फोन पर कर रहे थे अजीबों-गरीब बात

साथ ही पिछले महीने दादर इलाके में स्थित मेकडोनल्ड में भी धमाके को लेकर मुंबई पुलिस के पास फोन आया था। दरअसल एक शख्स ने बेस्ट की बस नंबर 351 में यात्रा करते समय दो लोगों को मैकडॉनल्ड को बम से उड़ाने की बात करते सुना था। इसकी जानकारी उसने पुलिस को दी, जिसके बाद मुंबई पुलिस अलर्ट हो गई। पूरी रात बम की तलाशी ली गई, लेकिन पुलिस को संदेहास्पद वस्तु हाथ नहीं लगी।

नाबालिग लड़कियों के साथ दुष्कर्म के मामलों में छह गिरफ्तार

दोपहर संवाददाता । अकोला/पालघर

महाराष्ट्र पुलिस ने अकोला और पालघर जिले में नाबालिग लड़कियों के साथ कथित दुष्कर्म की अलग-अलग घटनाओं में दोनों स्थानों से छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

यूथ हास्टल में सामूहिक बलात्कार

अकोला शहर के सिविल लाइन्स पुलिस थाने के सहायक निरीक्षक महेंद्र शिंदे ने बताया 14 वर्षीय लड़की से कथित दुष्कर्म में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि तीनों आरोपी लड़की को धोखे से एक 'यूथ हास्टल' ले गए जहां सात जून को उसके साथ कथित रूप से सामूहिक बलात्कार किया। शिंदे ने कहा कि आरोपियों की पहचान अंकुश वखे (25), अनुराग चौधरी (20) एवं दीपक मदावी (25) के तौर पर की गयी है । उन्होंने बताया कि पीड़िता सात जून को घर से बाहर निकली थी, लेकिन वह वापस नहीं आई तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की और उसके नहीं मिलने पर उन्होंने सिविल लाइन्स थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवायी । उन्होंने बताया कि पीड़िता अगले दिन आठ जून को वापस आई और परिजनों को घटना की जानकारी दी।

तीन नाबालिग लड़कियों के साथ कथित दुष्कर्म : पालघर जिले में तीन नाबालिग लड़कियों के साथ कथित दुष्कर्म के आरोप में तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पालघर जिले के पेल्हर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक जितेंद्र वनकोटी ने बताया कि लड़कियों के माता-पिता अलग हो गए थे और फिलहाल उनकी देखरेख पिता की जिम्मे थी, जोकि शराब का आदी है। उन्होंने बताया कि तीनों आरोपियों दत्ता क्षीरसागर (35), निशाद खान (19) और सैय्यद (27) ने लड़कियों की परेशानियों का फायदा उठाया और पिछले एक साल के दौरान उनके साथ कई बार दुष्कर्म किया। वनकोटी ने बताया कि तीनों आरोपियों को रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

महाराष्ट्र पुलिस भर्ती: दो अलग-अलग जगह परीक्षा के लिए 4 दिन का मिलेगा समय

दोपहर संवाददाता । जलगांव

पुलिस भर्ती प्रकिया में मैदानी परीक्षा (फील्ड टेस्ट) के लिए दो अलग-अलग जगह एक ही दिन परीक्षा होने पर उस उम्मीदवार को दोनों जगह मौका मिले इसके लिए पुलिस प्रशासन की ओर से सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसमें एक जगह परीक्षा देने के बाद दूसरी जगह परीक्षा देने के लिए उस उम्मीदवार को 4 दिन का समय मिलेगा। पुलिस अधीक्षक (SP) डॉ. महेश्वर रेड्डी ने सोमवार को प्रेस कॉफ्रेंस में जानकारी देते हुए बताया कि महाराष्ट्र में पुलिस में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए 19 जून से राज्यभर में मैदानी परीक्षा शुरू हो रही है। उन्होंने कहा कि जलगांव जिले में केवल पुलिस कांस्टेबल के पद पर ही भर्ती होगी।

राज्य में 17,471 पदों पर होगी भर्ती

अलग-अलग जिलों में पुलिस कांस्टेबल, पुलिस कांस्टेबल ड्राइवर, जेल कांस्टेबल, सशस्त्र पुलिस कांस्टेबल और पुलिस कांस्टेबल बैंड्समैन समेत अलग-अलग पदों के लिए 17,471 वैकेंसी को भरना है। उन्होंने कहा कि कई उम्मीदवारों ने अलग-अलग जगह अलग-अलग पदों के लिए आवेदन किए है। इस कारण कई उम्मीदवारों को एक ही दिन दो पदों के लिए परीक्षा का समय मिल सकता है ऐसे में आवेदक केवल एक ही जगह उपस्थित हो सकता है। एसपी महेश्वर रेड्डी ने कहा कि इस स्थिति को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने निर्णय लिया है कि जिन आवेदकों को एक अलग-अलग जगह का समय मिलेगा तो उसे एक जगह परीक्षा देने के बाद दूसरी जगह परीक्षा देने के लिए 4 दिन का समय मिलेगा।

लापरवाही ▸ एयर इंडिया अपनी खराब सेवाओं को लेकर कुछ दिनों से सुर्खियों में है

एयर इंडिया के पैसेंजर को खाने में मिला ब्लेड

मुनीब चौरसिया । नई दिल्ली

टाटा समूह की एयर इंडिया में एक पैसेंजर को खाने में ब्लेड का टुकड़ा मिला। एयरलाइन के प्रवक्ता ने इस घटना की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि यह सब्जी काटने वाली मशीन से आया था। हाल के दिनों में एयर इंडिया अपनी खराब सेवाओं को लेकर सुर्खियों में रही है। शनिवार को एयर इंडिया की नई दिल्ली-नेवार्क फ्लाइट पर एक बिजनेस क्लास पैसेंजर ने शिकायत की थी कि उनकी उड़ान के दौरान 'बिना पका हुआ' भोजन परोसा गया था। 9 जून को बेंगलुरु से सैन फ्रांसिस्को जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट AI 175 में मथुरेस पॉल नाम के यात्री को भुने हुए शकरकंद और अंजीर की चाट में ब्लेड जैसा दिखने वाला धातु का टुकड़ा मिला। हालांकि, मथुरेस को कोई नुकसान नहीं हुआ।

पैसेंजर ने क्या बताया?

इस घटना के बाद मथुरेस ने X पर लिखा, 'एयर इंडिया का खाना चाकू की तरह काट सकता है। इसके भुने हुए शकरकंद और अंजीर की चाट में धातु का टुकड़ा छिपा हुआ था जो ब्लेड जैसा था। मुझे इसका अहसास कुछ सेकंड चबाने के बाद ही हुआ। शुक्र है, कोई नुकसान नहीं हुआ। बेशक, इसका सारा दोष एयर इंडिया की कैटरिंग सेवा पर जाता है लेकिन यह घटना एयर इंडिया की छवि के बारे में मेरी राय को बेहतर बनाने में मदद नहीं करती है।'

एयरलाइन ने मानी गलती : एयर इंडिया के चीफ कस्टमर एक्सपीरियंस ऑफिसर राजेश डोगरा ने कहा, 'एयर इंडिया इस बात की पुष्टि करता है कि हमारी एक उड़ान में एक पैसेंजर के भोजन में बाहरी वस्तु पाई गई थी। जांच के बाद यह पता चला है कि यह हमारे खानपान सहयोगी की सुविधाओं में उपयोग की जाने वाली सब्जी प्रसंस्करण मशीन से आई है। ऐसी घटना दोबारा न हो, इसके लिए हमने अपने खानपान सहयोगी के साथ मिलकर इसे रोकने के लिए उपाय किए हैं। इसमें खासकर किसी भी कठोर सब्जी को काटने के बाद प्रोसेसर की लगातार जांच शामिल है।' बेंगलुरु से सैन फ्रांसिस्को जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट AI 175 में एक यात्री को खाने में धातु का टुकड़ा मिला। यह घटना 9 जून की है। यात्री का नाम मथुरेस पॉल है। उन्हें खाने में भुने हुए शकरकंद और अंजीर की चाट में धातु का टुकड़ा मिला, जो ब्लेड जैसा दिख रहा था। मथुरेस ने बताया कि उन्हें कुछ देर चबाने के बाद ही धातु का टुकड़ा महसूस हुआ। गनीमत रही कि उन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

नाबालिग ने महिला को कार से कुचलने का किया प्रयास

गिरफ्तार

दोपहर संवाददाता । पुणे

महाराष्ट्र के पुणे जिले में पोर्श कार मामले के बाद एक ऐसा ही मामला सामने आया है। जहां एक नाबालिग ने एक महिला को एक तीखी बहस के बाद अपनी कार से कुचलने की कोशिश की। पुणे पुलिस ने 17 वर्षीय किशोर को महिला कुचलने के आरोप में हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने उसे जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के समक्ष पेश किया, जहां उसे निगरानी गृह में रखने का आदेश दिया है। यह घटना आलंदी क्षेत्र के वडगांव घेनंद गांव की बताई जा रही है। साथ ही इसकी तुलना 19 मई को हुई पोर्श कार मामले से की जा रही है, जिसमें पुणे के कल्याणी नगर इलाके में एक किशोर ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी थी, जिसमें दो आईटी पेशेवरों की मौत हो गई थी। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है जिसमें एक कार को लापरवाही से चलाते हुए दिखाया गया है जिसने एक महिला को टक्कर मारी। किशोर ने कार में बैठने से पहले महिला के पति और एक अन्य रिश्तेदार को कथित तौर पर अपशब्द कहे और दंपति को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी। पुलिस का दावा है कि इसके बाद लड़के ने लापरवाही से गाड़ी चलाई और महिला को टक्कर मार दी।

बकरीद पर पहले दिन दिया गया 5148 जानवरों की बलि

मनपा ने वसूले 10.29 लाख फीस

दोपहर संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी में बकरीद का त्योहार बड़े पैमाने पर मनाया जाता है।इसके लिए शहर के विभिन्न हिस्सों में बनाए गए 56 अस्थाई कुर्बानी सेंटरो में पहले दिन 5148 जानवरो की बलि दी गई।जिसके माध्यम से स्लाटर फीस के नाम पर मनपा प्रशासन ने 10 लाख 29 हजार 200 रुपए की वसूली हुई।इस दौरान शहर में सुरक्षा के बेहतर इंतजाम किए जाने के साथ मनपा द्वारा दवा छिड़काव व जलापूर्ति की बेहतरीन व्यवस्था किया गया था।दिए गए कार्यों को बेहतर ढंग से अंजाम देने के लिए आयुक्त ने मनपा कर्मियों का आभार जताया है।बकरीद का यह त्योहार शहर में दो दिन और मनाया जाने वाला है।

56 अस्थायी कुर्बानी केंद्रों पर दी गई कुर्बानी

भिवंडी मनपा प्रशासन द्वारा खुले में जानवरों के किए जाने वाले कत्ल को रोकने हेतु शहरभर में 56 अस्थायी कुर्बानी केंद्र बनाए गए है।जहां पर पानी की आपूर्ति, स्वच्छता, कीटाणुनाशकों का छिड़काव, साथ ही जानवरों के अवशेषों को ले जाने के लिए पर्याप्त प्लास्टिक बैग, जानवरों के अवशेषों के निपटान के लिए बंद परिवहन व्यवस्था की गई थी। साथ ही जानवरों के निकले अवशेषों को स्लाटर हाउस के पास बड़े गड्ढे खोदकर निपटाए गए। ईदगाह स्लाटर हाउस में पशुओं के अवशेष और अपशिष्ट की आपूर्ति की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। शहर की स्वास्थ्य व्यवस्था को बनाए रखने के लिए कुर्बानी सेंटरो को पानी से साफ किया गया और पूरे क्षेत्र में कीटाणुनाशक का छिड़काव किया गया।बकरीद को लेकर मनपा आयुक्त अजय वैद्य ने खुद पिछले कई बैठकें कीं और सभी कुर्बानी केंद्रों का निरीक्षण किया। पुलिस विभाग की ओर से शहर में पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध कराया गया था। साथ ही पशु चिकित्सा विभाग से 120 पशु चिकित्सा अधिकारी प्राप्त हुए तथा पशुओं की जांच कर प्रमाण पत्र के साथ कुर्बानी कराई गई।

जन प्रतिनिधियों और नागरिकों को धन्यवाद

मनपा आयुक्त वैद्य ने शहर में बकरीद जैसे त्योहार को अच्छे से आयोजित करने के लिए ठाणे कलेक्टर, नवनिर्वाचित सांसद सुरेश (बाल्या मामा) म्हात्रे, विधायक रईस शेख, विधायक महेश चौगुले, साथ ही अन्य सभी जन प्रतिनिधियों और नागरिकों को धन्यवाद दिया है। शहर में इतने बड़े उत्सव को सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बहुत अच्छे ढंग से संपन्न किया गया है एवं सौंपे गये कार्य को सही ढंग से किया गया है। मनपा आयुक्त अजय वैद्य ने अतिरिक्त आयुक्त विट्ठल डाके, स्वास्थ्य उपायुक्त नयना सासने, सभी वार्ड अधिकारियों, स्वास्थ्य अधिकारियों और सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को भी बधाई दी है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रक्तदान शिविर में 114 लोगों ने किया रक्तदान

दोपहर संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी के मानसरोवर इलाके में सोमवार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व रा स्व संघ जनकल्याण समिति द्वारा सोमवार को भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।जहां पर 114 लोगों ने रक्तदान किया।जिसमे 104 पुरुष व 10 महिलाओ का समावेश है।

लगातार 15 वर्षों से हो रहा आयोजन

मानसरोवर के शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में सोमवार को सुबह 9 बजे से शाम 3 बजे के बीच भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था।वरालदेवी नगर संघ चालक बलराज डोडी, केशव प्रभात(शाखा कार्यवाहक) अणदाराम देवासी, बजरंग चौधरी, राजेश चौधरी, कन्हैयालाल अग्रवाल, गजानंद अग्रवाल की सहयोग से आयोजित उक्त शिविर में कुल 114 लोगों ने रक्तदान किया। ठाणे की कै वामनराव ओक रक्तकेंद्र द्वारा रक्त संकलन किया गया।एक डॉक्टर सहित 10 लोगो की टीम ने रक्तदान के लिए आने वाले लोगो के स्वास्थ्य की जांच के बाद रक्तदान कराया गया।राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कन्हैया अग्रवाल ने बताया कि हिंदवी साम्राज्य दिवस के अवसर पर उक्त शिविर पिछले15 वर्षो से लगातार आयोजित हो रहा है।जिसमे लोग बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते है।इस वर्ष भी बड़ी तादात में लोगो ने आगे आकर रक्तदान किया।उन्होंने बताया कि पूर्व नगरसेवक श्याम अग्रवाल के सौजन्य से आयोजित इस शिविर में एस पी सिंह,दिनेश जोशी, मंगलेश शर्मा सहित मानसरोवरवासियों का पूरा सहयोग प्राप्त रहा।इस दौरान रक्तदान के लिए आने वालों को नाश्ता व भोजन की भी व्यवस्था की गई थी।

12 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी

दीपक पवार | मुंबई

हाल ही में महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित हुए हैं। महाविकास अघाड़ी की सफल जीत हुई है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, जो प्रमुख घटक दल है और राज्य के कई जिलों में निर्णायक शक्ति रखती है, ने घोषणा की है कि वह विधान सभा की 12 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। नतीजों के मद्देनजर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं ने हाल ही में मुंबई में महाविकास अघाड़ी और एनसीपी नेता शरद पवार और जयंत पाटिल से मुलाकात की। डॉ. अशोक धावले, महासचिव, महाराष्ट्र. उदय नारकर, पूर्व विधायक। नरसय्या आदम पूर्व विधायक, जे. पी। गांव में विधायक मो. विनोद निकोले, डॉ. डी। एल कराड, डॉ. अजीत नवले, एम. एच। शेख, और डॉ. सुभाष जाधव ने शरद पवार से खास बातचीत की।

सीपीआई (एम) प्रतिनिधिमंडल के साथ चर्चा

शरद पवार ने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर सीपीआई (एम) प्रतिनिधिमंडल के साथ 55 मिनट तक चर्चा की. इस मौके पर सीपीआई (एम) राज्य की जिन 12 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है, उस पर चर्चा हुई. वैकल्पिक नीतियों, घोषणापत्रों और चुनाव रणनीतियों पर भी चर्चा की जाती है। यह स्पष्ट किया गया कि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी महाविकास अघाड़ी के माध्यम से राज्य की 12 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। यह जानकारी महासचिव डॉ. उदय नारकर ने दी।

तेज बरसात ने मनपा प्रशासन के द्वारा किए गए बड़े-बड़े दावों की खोली पोल

एक घंटे की बारिश के दौरान निचले भाग व बाजार में भरा पानी

दोपहर संवाददाता | भिवंडी

चार दिन के ब्रेक के बाद भिवंडी शहर में बारिश ने जोरदार दस्तक दी है। करीब एक घंटे तक बादलों की गर्जना के साथ हुई मूसलाधार बारिश से शहर के निचले इलाकों में पानी भर गया। इस बारिश के कारण तीनबत्ती सब्जी मंडी बाजार इलाके में घुटने भर पानी भर गया। अचानक हुई बारिश से शहरवासियों में हड़कंप मच गया। 1 घंटे की मूसलाधार बारिश में भिवंडी मनपा प्रशासन द्वारा किए जा रहे बड़े-बड़े गांव की पोल खोल दी है। उसी के साथ आए दिनों नाला सफाई में हो रहे भारी भ्रष्टाचार की खबरों की भी पुष्टि होती दिखाई पड़ने लगी है। साथ ही नाला सफाई का ठेका लेने वाले ठेकेदारों द्वारा नाला सफाई में की जा रही घोर लापरवाही उजागर हो गई है। इन दिनों टी उमस व तपन झेल रहे शहरवासियों को इस तेज बरसात के बाद नागरिकों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली है। नागरिकों का आरोप है कि यदि मनपा प्रशासन इसी तरह नाला सफाई के कार्यों को लेकर उदासीन और संवेदनशील बनी रही तो भविष्य में होने वाली तेज बरसात से भिवंडी शहर को डूबने से कोई नहीं बचा सकता है।

जून से ग्रामीण पुलिस की भर्ती प्रक्रिया शुरू

119 जगह 7 हजार 19 ने किया आवेदन

दोपहर संवाददाता | ठाणे

ग्रामीण पुलिस की भर्ती 19 जून से शुरू हो रहा है।119 रिक्त पदों के लिए कुल 7 हजार 19 लोगों ने आवेदन पत्र भरा है।जिसमें 6 हजार 4 पुरुष व 1हजार 15 महिलाओं के आवेदन पत्र जमा होने की जानकारी ग्रामीण पुलिस अधीक्षक डॉ. डी. एस. स्वामी ने दिया।19 जून से ग्रामीण पुलिस की भर्ती प्रक्रिया शुरू हो रही है जो 1जुलाई तक भर्ती प्रक्रिया शुरू रहेगी।शारीरिक जांच व दौड़ की प्रक्रिया मुंब्रा में महानगर पालिका के मौलाना अबुल कलाम आजाद स्टेडियम में होंगी।बरसात के कारण गड़बड़ी नही होने के लिए सिंथेटिक वाटरप्रूफ ट्रैक दौड़ लगाने के लिए तैयार कर लिया गया है और यह ट्रैक 100 मीटर का है।भर्ती के लिए आये हुए लोगों के लिए बैठने की व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधा,एंबुलेंस की व्यवस्था को किया गया है यह जानकारी पुलिस अधीक्षक डॉ. स्वामी ने दिया।किसी भी तरह के अड़चन उत्पन्न होने पर रौनक डाट सराव ईमेल कर सकते हैं।पत्रकार परिषद में पुलिस अधीक्षक डॉ. स्वामी ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया निष्पक्ष होगी इस पर विशेष ध्यान रहेगा।

गंभीर बीमारी से जूझ रहे 258 मरीजों को मिला जीवनदान

राज्यस्तरीय विशेष स्वास्थ्य मदत कक्ष से 17 करोड़ 69 लाख का मदद

दोपहर संवाददाता | ठाणे

गरीब व पैसों से लाचार मरीजों को मुफ्त में इलाज करवाने के लिए डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने विधी-न्याय विभाग के अंतर्गत विशेष राज्यस्तरीय स्वास्थ्य मदत केंद्र शुरू किया है।जिसके तहत कैंसर, लिवर-किडनी ट्रान्सप्लांट, बोनमॅरो ट्रान्सप्लांट जैसे भयानक बीमारियों से झूझ रहे 258 मरीजों का सर्जरी कर नया जीवन मिला।सर्जरी के लिए कुल 17 करोड़ 69 लाख रुपये की राशि का स्वास्थ्य राहत कोष से मरीजों को मिला लाभ।इस स्वास्थ्य मदत कक्ष की शुरुआत जनवरी 2024 से हुआ और मई तक 258 मरीजों को लाभ मिला।यह जानकारी कक्ष प्रमुख रामेश्वर नाईक ने दिया।

नाम परिवर्तन

पहले मेरा नाम अरुणकुमार प्यारेलाल जैसवाल था, अब मैं उपलब्ध दस्तावेज के अनुसार अरुण प्यारेलाल जैसवार के नाम से जाना जाऊंगा।

24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भव्य आयोजन

दोपहर संवाददाता | ठाणे

गायत्री परिवार की ओर से आयोजित गायत्री जयंती पर्व का आयोजन रघुनाथ नगर परिसर में संकल्प चौक पर स्थित मैदान में किया गया।इस धार्मिक अनुष्ठान में लगभग 700 परिजनों ने हिस्सा लिया।50 नये परिजनों ने दीक्षा ग्रहण किया।विशेष अतिथि के रूप पूर्व विधायक रविंद्र फाटक व पत्नी पूर्व नगरसेविका माया फाटक के हाथों से दिप प्रज्वलित किया गया।पूर्व विधायक फाटक ने गायत्री परिवार की प्रशंसा करते हुए सदैव सहयोग करने के लिए आश्वासन दिया।हरिद्वार शांतिकुंज से आये योगिराज बल्कि ने गायत्री जयंती,पर्यावरण, मानव जीवन व गुरुदेव आचार्य श्रीराम शर्मा के जीवनी को उपस्थित हुए लोगों को सुनाकर भावविभोर कर दिया। आयोजित इस कार्यक्रम में करीब 700 परिजनों ने भाग लिया। करीब 50 नए परिजनों ने दीक्षा ली। सभी परिजनों को ज्ञान प्रसाद के रूप में अखंड ज्योति पत्रिका वितरित की गई एवं पूज्य गुरुदेव का साहित्य ब्रह्मभोज के रूप में वितरित किया गया। 108 तुलसी के पौधे यज्ञ के प्रसाद के रूप में परिजनों को वितरण किया गया।इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने के लिए उपेंद्र चौबे,प्रह्लाद पांचाल,महेंद्र पटेल,इंद्रभूषण गोखले,अमीत नारायण, डॉ.वरुण ने अहम भूमिका निभाई।

कोंकण स्नातक चुनाव

महायुति के डावखरे की राह आसान: केलकर

दोपहर संवाददाता | ठाणे

राज्य में स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में जहां महायुति उम्मीदवार निरंजन डावखरे के प्रचार अभियान ने नगर निगम क्षेत्र में तेजी पकड़ी है, वहीं भाजपा नेता और वरिष्ठ विधायक ने तीन दिवसीय दौरे में केवल कोंकण क्षेत्र को कवर किया। उन्होंने बैठकों, बैठकों, सभाओं और सभाओं के जरिए कोंकण के शैक्षणिक, रोजगार और पर्यटन विकास के लिए डावखरे को जिताने के लिए किए गए दौरे के दौरान कहा कि महायुति के प्रत्याशी निरंजन डावखरे की राह अब आसान है। विधायक संजय केलकर ने तीन दिनों में रायगढ़ और रत्नागिरी जिले के पेन, मानगांव, गोरेगांव, महाड, दापोली चिपलुन, देवरुख, रत्नागिरी में शिक्षकों और स्नातकों की बैठकें की और मतदाताओं से अपील भी की। दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से और घर-घर जाकर भी प्रचार किया। एक बार स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधायक और दो बार विधान सभा विधायक रहे, इस दौरे में उन्होंने ठाणे शहर, ठाणे, पालघर और रायगढ़, रत्नागिरी जिलों में जो काम किया, उससे उन्हें फायदा हुआ।

'भविष्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने वाली है'

केंद्र और राज्य में डबल इंजन की सरकार है और भविष्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने वाली है. साथ ही, पर्यटन और रोजगार सृजन पर जोर दिया जाएगा और कोंकण में स्नातकों और शिक्षकों के विकास के लिए, भाजपा के निरंजन डावखरे को पहले दौर में ही जीतना चाहिए, विधायक संजय केलकर ने आज यह दावा किया ।

शिक्षकों के साथ-साथ स्नातक मतदाताओं की समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन

ठाणे से बीजेपी विधायक केलकर ने शिक्षकों के साथ-साथ स्नातक मतदाताओं की समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया. मान्यता, स्कूल यूनिफॉर्म, मेडिकल बिल, बी.एल.ओ. उन्होंने जिम्मेदारी, जिले के अंदर स्थानांतरण, मुख्यालय आदि कई मुद्दों पर ठोस कार्रवाई करने को कहा.। उन्होंने मतदाताओं से यह भी आग्रह किया कि वे अपना वोट न खोने (निरस्त) के प्रति सावधान रहें। इस यात्रा के दौरान विधायक केलकर के साथ महाराष्ट्र राज्य प्राथमिक शिक्षक परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सुर्वे, विजय पवार, वैभव कांबले, उदय गायकवाड़, भाजपा के केदार साठे, अनिकेत कांडे आदि उपस्थित थे।

औद्योगिक इकाई में आग लगने से एक घायल

आग पर नियंत्रण के प्रयास जारी

दोपहर संवाददाता | पालघर

महाराष्ट्र में पालघर जिले के बोईसर में महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) की एक दवा निर्माण इकाई में सोमवार को आग लगने से एक व्यक्ति घायल हो गया। नगर निगम अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आग दोपहर करीब ढाई बजे लगी। दो दमकल गाड़ियों तथा कई कर्मियों की कड़ी मशक्कत से करीब डेढ़ घंटे बाद इस आग पर काबू पाया जा सका। दमकल विभाग अधिकारी ने कहा, 'आग में एक औद्योगिक कर्मचारी को मामूली चोटें आईं हैं और उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनास्थन पर आग पर काबू पाने का कार्य जारी है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। जब इकाई में आग लगी, तब यहां पर कुछ काम चल रहा था।'

देह व्यापार का भंडाफोड़

दो लोग गिरफ्तार, एक फरार

दोपहर संवाददाता | ठाणे

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने देह व्यापार गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। सेंट्रल पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस की एक टीम ने शनिवार को उल्हासनगर स्थित लॉज पर छापा मारा और वहां से एक महिला को बचाया। अधिकारी ने बताया कि लॉज के प्रबंधक और वेटर को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि लॉज के मालिक की तलाश जारी है। उन्होंने बताया कि तीनों व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 370 (मानव तस्करी) और 34 (एक ही इरादे से कई व्यक्तियों द्वारा किए गए कृत्य) तथा अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने बताया कि लॉज से बचाई गयी महिला को नारी निकेतन भेज दिया गया।

स्वास्थ्य जांच शिविर का नागरिकों ने उठाया लाभ

दोपहर संवाददाता | नालासोपारा

परम पूज्य संत शिरोमणि श्री रोहिदास वंशी वढियारा चमार समाज, नायगांव, वसई, नालासोपारा, विरार की ओर से नालासोपारा पूर्व में स्वास्थ्य जांच शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर रोटरी क्लब विरार और साथिया ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित हुआ। शिविर के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य जांच, निःशुल्क नेत्र जांच, चश्मे का वितरण एवं मोतियाबिंद का निःशुल्क इलाज किया गया। समाज के बुजुर्गों को सहारे के लिए छड़ी और शौच के लिए कमोड वितरित किए गए। शिविर में समाज के सभी लोगों ने भाग लिया और शिविर का लाभ उठाया। रक्तदान शिविर में पुरुषों के साथ ही महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर रक्तदान किया।

3 मुंबई, मंगलवार
18 जून 2024

दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

अनमोल विचार विज्ञान सामाजिक प्रगति के लिए एक शक्तिशाली साधन है : सैंटियागो रामोन

न्यूज ब्रीफ

प्रधानमंत्री से ओबीसी जातिगत जनगणना कराने की मांग करेंगे: भुजबल

दोपहर संवाददाता | मुंबई

राकांपा (अजित) के वरिष्ठ नेता तथा राज्य के खाद्य, नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल ने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर ओबीसी के जातिगत जनगणना की दोबारा वकालत की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर ओबीसी की जातिगत जनगणना कराने की मांग की जाएगी। लोकसभा चुनाव में मराठा आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा को बड़ा झटका लगा है। इस बीच भुजबल के ओबीसी जातिगत जनगणना कराने की मांग को लेकर राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं। सोमवार को भुजबल ने बांद्रा मेंअखिल भारतीय महात्मा फुले समता परिषद के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें लोकसभा चुनाव परिणाम को लेकर समीक्षा हुई। भुजबल ने कहा कि राज्य सरकार के स्तर पर जातिगत गणना कराने के बजाय केंद्र सरकार को अन्य पिछड़ा वर्ग(ओबीसी) की जातिगत जनगणना करानी चाहिए। यदि जातिगत जनगणना हुई तो ओबीसी की वास्तविक स्थिति सामने आएगी। केंद्र सरकार से अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए मिलने वाली निधि के समान धनराशि ओबीसी के विकास के लिए मिल सकेगी।

फंड की कमी आई आड़े

बंद हुई मनपा की टीबी चैंपियन स्कीम

दोपहर संवाददाता | मुंबई

केंद्र सरकार ने देश को टीबी मुक्त करने के लिए साल 2025 तक का लक्ष्य रखा है। लेकिन इसी बीच टीबी रोकथाम के लिए केंद्र सरकार के जरिए दिए जा रहे फंड में करीब 40 फीसदी की कटौती किए जाने की जानकारी सामने आई है। इस कटौती का असर टीबी मरीजों की काउंसलिंग वाली 'टीबी चैंपियन' योजना पर पड़ा है। इस योजना के लिए निधि न मिलने की वजह से मनपा को अपनी टीबी चैंपियनयोजना बंद करनी पड़ी है, ऐसे में अब टीबी मरीजों को इलाज के लिए काउंसलिंग कैसे की जा सकेगी यह सवाल खड़ा हो गया है। मुंबई मनपा ने नवंबर 2021 में टीबी चैंपियन योजना शुरू की थी। इस योजना में टीबी मुक्त हो चुके मरीजों को टीबी चैंपियन बनाया गया था। करीब 25 टीबी सर्वाइवर को टीबी चैंपियन बनाया गया था। इन्हें मानधन के रूप में हर महीने 10 हजार रुपए मनपा द्वारा दिये जाते थे। इनका कार्य सहायता समूह बनाना और रोगियों के साथ उनके परिवारों को अपना इलाज नियमित बनाए रखने के लिए परामर्श देना शामिल था।

ईमेल से हुआ खुलासा

मनपा के टीबी उन्मूलन विभाग की टीबी अधिकारी डॉ. वर्षा पुरी द्वारा जून के शुरुआती दिनों में प्रदेश के टीबी उन्मूलन विभाग को भेजे गए एक आंतरिक ईमेल से टीबी चैंपियन योजना को बंद करने का खुलासा हुआ है। ईमेल के जरिये डॉ. वर्षा पूरी ने 'टीबी चैंपियन' योजना के लिए कोई बजट स्वीकृत नहीं होने के बारे में पूछा तो राज्य टीबी कार्यालय ने सूचित किया कि सेंट्रल टीबी डिवीजन की ओर से योजना बंद करने का निर्देश दिया गया है।

सिर्फ 228 करोड़ रुपए ही मिले

प्रदेश के टीबी उन्मूलन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि टीबी नियंत्रण कार्यक्रम के लिए केंद्र सरकार 60 फीसदी जबकि राज्य सरकार 40 फीसदी हिस्सा वहन करती है। इस साल विभाग को पूरे प्रदेश के 3 लाख टीबी मरीजों के लिए केंद्र सरकार से सिर्फ 228 करोड़ रुपए का बजट मिला है जो पिछले वर्ष की तुलना में 40 फीसदी कम है।

क्या कहते हैं एक्टिविस्ट ?

टीबी मरीजों के हित में काम करनेवाले टीबी एक्टिविस्ट गणेश आचार्य ने बताया कि देश भर में टीबी रोगियों के लिए कोई अन्य परामर्श कार्यक्रम नहीं है। मुंबई में शिवड़ी अस्पताल शायद एकमात्र ऐसा अस्पताल है जहां भर्ती मरीजों को मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान की जाती है।

एक के बाद एक पांच समर्थकों की आत्महत्या

▶▶ पंकजा ने कार्यकर्ताओं से ऐसा कदम नहीं उठाने की अपील की

दोपहर संवाददाता | मुंबई\बीड

लोकसभा चुनाव में बीजेपी नेता पंकजा मुंडे की हार के बाद उनके समर्थकों को बड़ा झटका लगा है। ऐसे में मुंडे समर्थकों का आत्महत्या का दौर जारी है। रविवार रात एक युवक संदीप शिरसाट ने भी आत्महत्या कर ली। पंकजा मुंडे ने सोमवार को आत्महत्या करने वाले युवक के परिवार से मुलाकात की। पंकजा मुंडे को देख परिवार फूट-फूट कर रोने लगा। अब तक पांच मुंडे समर्थकों की मौत हो चुकी है। पंकजा मुंडे लगातार आत्महत्या न करने की अपील कर रही हैं। हालांकि एक के बाद एक समर्थक आत्महत्या कर रहे हैं। ये देखकर उनका दिल भी दुखी हो रहा है। पंकजा मुंडे ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि जीवन से हार मत मानो। मेरे कार्यकर्ता मेरे लिए महत्वपूर्ण हैं। कृपया ऐसा कदम न उठाएं। अपने बच्चों और परिवार को न छोड़ें।

पंकजा मुंडे की ओर से क्या अपील?

पंकजा मुंडे ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि मैं बहुत बहादुर इंसान हूं। हार के बावजूद मैं कभी असहज नहीं हूं। लेकिन इससे (समर्थकों के आत्महत्या करने) मुझे गहरा सदमा पहुंचा है और मैं खुद को दोषी महसूस करती हूं कि लोग अपनी जान दे रहे हैं। मैं आपको एक मौका दूंगी। मैं आपकी कसम खाता हूं। राजनीति में हार-जीत चलती रहती है। लोगों में हीन भावना पैदा होती जा रही है। पंकजा मुंडे ने कहा कि ये भावनाएं लोगों को विरोध के लिए प्रेरित कर रही हैं। दूसरी ओर बीड के आष्टी तालुका के चिंचवाड़ी के पोपट बैबसे ने एक पेड़ से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। रविवार को पंकजा मुंडे ने बैबसे परिवार से मुलाकात की। पंकजा को देखते ही बैबसे की पत्नी और बच्चे बिलख पड़े। ये देखकर पंकजा भी फूट-फूटकर रोने लगीं। उन्होंने कहा कि राजनीति में हार-जीत लगी रहती है। कई महान नेता हार गए लेकिन इस हार की वजह मौजूदा हालात हैं। उन्होंने कहा कि आत्महत्याओं से सदमे में हूं।

'हिम्मत से लड़ने वाले कार्यकर्ताओं की जरूरत'

पंकजा मुंडे ने कहा कि समर्थकों की आत्महत्या से मैं सदमे में हूं। मैं खुद को दोषी महसूस कर रही हूं। अपना जीवन मत त्यागो। आप ऐसा नेता चाहते हैं जो बहादुरी से लड़े। मुझे भी ऐसा कार्यकर्ता चाहिए जो बहादुरी से लड़े। किसी नेता से इतना भी प्यार नहीं करना चाहिए कि उसके लिए अपनी जान देनी पड़े। मैं इन लोगों को खोना नहीं चाहती। मैं हार से नहीं थकती लेकिन ऐसी घटनाएं मुझे झकझोर देती हैं। अपनी भावनाओं को इन शब्दों में व्यक्त करते हुए पंकजा मुंडे रो पड़ीं।

सूखे को लेकर बैठक बुलाओ

दोपहर संवाददाता | मुंबई

राकांपा (शरद) अध्यक्ष शरद पवार ने राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को पुणे जिले में सूखाग्रस्त इलाकों में सिंचाई योजना को लेकर एक संयुक्त बैठक आयोजित करने के लिए पत्र लिखा है। पवार ने पत्र में लिखा है कि उन्होंने 12 और 13 जून को पुणे जिले के पुरंदर, इंदापुर, बारामती और दौंड तहसीलों का मुआयना किया था और ग्रामीणों से मुलाकात की थी। इस दौरे में उन्होंने सूखे की विकट स्थिति को महसूस किया था। पवार ने पत्र में लिखा है कि राज्य सरकार को किसानों की समस्याओं को सुलझाने के लिए और ग्रामीणों को समय पर पानी उपलब्ध कराने को लेकर एक उपाय योजना करने की जरूरत है। जिसमें उन्होंने जल संसाधन मंत्री और दूसरे संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित करने की मांग की है।

पवार की चुनावी रणनीति

उधर पवार ने विधानसभा चुनाव की रणनीति भी बनानी शुरू कर दी है। पवार बहुत जल्द राज्य के अलग-अलग इलाकों में तीन दिनों में 11 किसानों की सभाओं को संबोधित करेंगे। दरअसल पवार विधानसभा चुनाव में किसानों के मुद्दों को लेकर आगे बढ़ना चाहते हैं। लोकसभा चुनाव में भी पवार ने किसानों के मुद्दों को जोर शोर से उठाया था। यही कारण है कि उन्होंने किसान सभा करने का फैसला किया है। राज्य के सभी दल विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गए हैं।

दो सोसाइटी में बकरे की कुर्बानी को लेकर बवाल

मुंबईः मुंबई की दो सोसाइटी में बकरे की कुर्बानी को लेकर बवाल हो गया। दो रातों में दो सोसाइटी के अंदर हुए इस बवाल की वजह बकरे की कुर्बानी थी। यहां मुंबई से सटे मीरा रोड के जेपी इंफ्रा सोसाइटी और हिल गैलेक्सी में बकरे की कुर्बानी को लेकर बवाल हो गया। जेपी इंफ्रा सोसाइटी में पिछले साल भी बकरीद से पहले हंगामा हुआ था। वहीं, दूसरा हंगामा हिल गैलेक्सी में हुआ और दूसरे पक्ष की तरफ से हनुमान चालीसा भी पढ़ा गया। हुआ यूं कि मुंबई से सटे मीरा रोड इलाके में रविवार की रात हिल गैलेक्सी नाम की सोसाइटी में बकरे की कुर्बानी को लेकर बवाल हो गया। दरअसल सोसाइटी में रहने वाले मुस्लिम परिवार की ओर से बकरीद पर बकरे की कुर्बानी देने के लिए सोसाइटी में बकरा लेकर पहुंचे। इस पर उस शख्स को भरत मिस्त्री नाम के शख्स ने रोका और सोसाइटी में बकरे की कुर्बानी नहीं देने को कहा। इस पर दोनों में शुरू हुई कहासुनी ने विवाद का रूप ले लिया। धीरे-धीरे दोनों पक्षों के सैकड़ों लोग वहां जमा हो गए।

3 दिन में 6 करोड़ का सोना जब्त

▶▶ दो यात्री सोने की तस्करी में गिरफ्तार

दोपहर संवाददाता | मुंबई

सीमा शुल्क विभाग ने मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर तीन दिनों में विभिन्न कार्रवाइयों में 6 करोड़ 71 लाख रुपए का 10 किलो 78 ग्राम सोना जब्त किया है। इस मामलों में दो यात्रियों को गिरफ्तार किया गया है। वे विदेश से सोना जेबों और शरीर में छिपा कर लाए थे। सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने शारजाह से काठमांडू होते हुए मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे दो भारतीय नागरिकों को पकड़ा। उनके पास सोना मोम में मिला। वे पैंट की जेब और शरीर में छिपा था। दो यात्रियों को गिरफ्तार किया गया। इसी तरह दुबई से आए दो विदेशी नागरिकों को रोका गया और उनके पास 501 ग्राम सोना मिला। यात्री शरीर में सोना छिपा कर लाए थे। एक अन्य मामले में दुबई से यात्रा कर रहे 7 भारतीय नागरिकों को रोका गया। यात्रियों ने शरीर पर 3173 ग्राम सोना छिपा कर लाए। सीमा शुल्क विभाग ने 14 से 16 जून के बीच छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर तीन दिनों में सोना तस्करी के खिलाफ विभिन्न कार्रवाई में 6 करोड़ 71 लाख रुपए का 10 किलो 78 ग्राम सोना जब्त किया है।

आपदा प्रबंधन विभाग ने तैयार की योजना

बाढ़ और मूसलाधार बारिश से बचाव के लिए नौ जिलों में एनडीआरएफ की टीम तैनात

दोपहर संवाददाता | मुंबई

प्रदेश में मानसून के दौरान बाढ़ और मूसलाधार बारिश की संभावना वाले क्षेत्रों के नागरिकों की सुरक्षा केलिए आपदा प्रबंधन विभाग ने योजना तैयार की है। इस संबंध में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आदेश दिया था। राज्य आपदा प्रबधन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि बाढ़ और मूसलाधार बारिश की चेतावनी मिलते ही दुर्घटना संभावित इलाकों से लोगों को सुरक्षित जगहों पर स्थलांतरित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस मानसून में लोगों को स्कूल और दूसरे सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जाएगा। जहां पर नागरिकों के पानी और भोजन सहित दूसरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके लिए अभी से ही राज्य के नौ जिलों में एनडीआरएफ की टीम तैनात की गई हैं।

मौसम विभाग से जानकारी ले उठाएंगे कदम

अधिकारी ने कहा कि राज्य के जलाशयों में केवल 20 .04 प्रतिशत पानी बचा है। इससेअच्छी बारिश होने पर पहले जलाशय और नदियां भरेंगी। जलाशयों के भर जाने के बाद ही बाढ़ की स्थिति पैदा होती है। राज्य में 15 जुलाई के बाद ही जलाशयों के भरने का अनुमान है। अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में मानसून के दौरान होने वाली घटनाओं से निपटने के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरफ)कीमुंबई, नागपुर, पुणे समेत 9 जिलों में कुल 18 टीमें तैनात की गई हैं। मुंबई, नागपुर, पुणे, पालघर, ठाणे, रत्नागिरी, कोल्हापुर, सांगली और सातारा में एनडीआरफ की टीमें नियुक्त की गई हैं। एनडीआरफ की एक टीम में कुल 40 जवान तैनात होते हैं। अधिकारी ने बताया कि एनडीआरफ के अलावा राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरफ) की नागपुर, धुलिया और दूसरे जिलों में कुल 8 की टीमें तैनात की गई हैं। एनडीआरफ और एसडीआरफ के अलावा सेना, नौसेना और कोस्ट गार्ड के जवानों की भी मदद ली जाएगी। अधिकारी ने कहा कि इस साल मौसम विभाग ने 106 प्रतिशत बारिश का अनुमान व्यक्त किया है। हमें मौसम विभाग की ओर से हर दिन बारिश कापूर्वानुमान बताया जाता है। इससे किस जिले में अधिक बारिश होगी और किस जिले में बाढ़ की स्थिति पैदा हो सकती है। इसके आधार पर एनडीआरफ और एसडीआरफ की टीमों को सतर्क किया जाता है।

ओबीसी आरक्षण में घुसपैठ रोकने के लिए भूख हड़ताल

मंत्री सावे के नेतृत्व में हड़तालियों से मिला प्रतिनिधिमंडल

दोपहर संवाददाता | मुंबई/ जालना

जालना जिले के अंबड में ओबीसी के आरक्षण में अन्य लोगों की हिस्सेदारी रोकने के लिए ओबीसी नेताओं की भूख हड़ताल सोमवार को पांचवे दिन भी जारी रही। सोमवार को मंत्री अतुल सावे के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल हड़ताली लोगों से मिला, लेकिन हड़तालियों ने सरकार से लिखित आश्वासन मांगा। सोमवार को मंत्री अतुल सावे के नेतृत्व में एक सरकारी प्रतिनिधिमंडल भूख हड़ताल कर रहे ओबीसी नेता लक्ष्मण हाके से मिला। हाके ने इस संबंध में सरकार की ओर से लिखित आश्वासन मांगा। उन्होंने इसके बाद ही भूख हड़ताल वापस लेने की बात कही। जानकारी मिली है कि इस संबंध में सरकारी प्रतिनिधिमंडल मुंबई लौटकर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से चर्चा कर सकता है।

हड़तालियों ने सरकार से मांगा लिखित आश्वासन

ओबीसी नेता लक्ष्मण हाके ने पत्रकारों को बताया कि मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री का यह बयान कि ओबीसी आरक्षण को कोई झटका नहीं लगेगा, पूरी तरह से झूठ है। मैं आयोग का सदस्य हूं। इसलिए मैं ये सारी बातें ठीक से जानता हूं। राज्य सरकार ने कानून का उल्लंघन कर 54 लाख कुनबी प्रमाणपत्र बांटे हैं और सरकार ओबीसी कोटे से मराठा समाज को आरक्षण देने का प्रयास कर रही है। हाके ने कहा कि जब तक राज्य सरकार ओबीसी आरक्षण के संबंध में लिखित आश्वासन नहीं देती, तब तक उनका अनशन जारी रहेगा। लक्ष्मण हाके ने कहा कि मनोज जारांगे पाटिल कहते हैं, मैंने 80 फीसदी मराठा ओबीसी में घुसपैठ कर ली है। अगर जारांगे का यह दावा सही है तो सरकार को बताना चाहिए कि मूल ओबीसी का आरक्षण कैसे टिकेगा। लक्ष्मण हाके ने कहा कि आधी से अधिक आबादी वाले ओबीसी के अधिकारों की रक्षा के लिए मुख्यमंत्री और राज्य सरकार क्या कर रही है। जारांगे के मुताबिक, कुनबी सर्टिफिकेट के जरिए मराठा समुदाय के 80 फीसदी लोग ओबीसी श्रेणी में आ गए हैं। यह ओबीसी के अधिकारों पर अतिक्रमण है। इस संबंध में राज्य सरकार के मंत्री छगन भुजबल ने साफ कहा कि राज्य सरकार किसी भी कीमत पर ओबीसी कोटे से मराठा समाज को आरक्षण नहीं देगी। वे ओबीसी नेता लक्ष्मण हाके को पूरी तरह समर्थन करते हैं और जरुरत पड़ी तो वे खुद हाके के साथ भूख हड़ताल पर बैठेंगे।

रोहित पवार और जयंत पाटील के बीच विवाद सुलझाने की जिम्मेदारी बड़े नेता को मिली

दोपहर संवाददाता | मुंबई

पिछले काफी दिनों से राकांपा (शरद) विधायक रोहित पवार और पार्टी प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटील के बीच कोल्ड वॉर चल रहा है। दोनों ही नेता सार्वजनिक कार्यक्रमों में एक दूसरे पर टिप्पणी करते हुए नजर आ जाते हैं। यही बात पार्टी अध्यक्ष शरद पवार को खटक रही थी। यही कारण है कि पवार ने दोनों ही नेताओं के बीच विवाद को सुलझाने के लिए पार्टी के एक बड़े नेता को जिम्मेदारी दी है। खबर है कि यह नेता दोनों ही नेताओं के बीच सुलह करने के लिए बहुत जल्द पहल शुरू करेगा। शरद गुट के एक नेता ने बताया कि पार्टी की बैठकों में तो रोहित और जयंत भिड़ते ही रहते हैं। लेकिन जब पिछले दो-तीन सार्वजनिक कार्यक्रमों में भी दोनों नेता आमने-सामने आ गए तो इसको लेकर शरद पवार ने काफी नाराजगी जताई है। हालांकि शरद पवार ने इस मुद्दे पर दोनों ही नेताओं से व्यक्तिगत बातचीत करने से परहेज किया है।

रोहित ने पाटील पर साधा था निशाना

राकांपा (शरद) के पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर रोहित पवार ने अपने भाषण में जयंत पाटील पर निशाना साधते हुए कहा था कि लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता की मेहनत के दम पर हमने 10 में से 8 सीटें जीती थीं। लेकिन कुछ लोग अपनी मेहनत का हवाला देकर दावा कर रहे हैं। रोहित ने यह निशाना पाटील के पोस्टर की ओर देखकर साधा था। इसके बाद पाटील ने भी उसी कार्यक्रम में रोहित पवार पर पलटवार करते हुए कहा था कि हर पार्टी में कोई न कोई आपस में मतभेद होते हैं। लेकिन पार्टी के कुछ नेता इसको लेकर सार्वजनिक बयानबाजी कर रहे हैं। उन्हें इस तरह की बयानबाजी से बचने की जरुरत है।

तीसरी पारी में मोदी के समक्ष वैश्विक चुनौतियां

भले ही कुछ आलोचकों का स्वभाव है भारत की आर्थिक नीतियों पर नुक्ताचीनी करना, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय तौर पर मान्य है कि अपने आर्थिक उदारवाद के साथ -किसी समय रहे लाइसेंस, परमिट, कोटा राज के अंत के बाद- भारत की आर्थिक वृद्धि दर तेजी से बढ़ रही है। स्वयं भारत और दुनिया भी मानती है कि इस बदलाव के मुख्य सूत्रधार डॉ. मनमोहन सिंह थे, जिनका योगदान देश के प्रधानमंत्री रहते हुए भी सर्वमान्य रहा। यह गौरतलब है कि मुक्त अर्थव्यवस्था बनाने को उनके उठाए कदम नए आयामों में बदल गए। दुनिया भी मानती है कि भारत विश्व की सबसे तेजी से तरक्की करती अर्थव्यवस्था है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष का आकलन है कि इस साल भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.6 फीसदी रहेगी। हालांकि, भारत उच्च आर्थिक विकास दर पाने की ओर अग्रसर है किंतु यह बात ध्यान में रखनी होगी कि विश्व में इसका रुतबा और प्रभामंडल अधिकांशतः मजबूत आर्थिकी एवं तकनीकी तरक्की से ही तय होगा। इस जरूरी आवश्यकता के चलते, एकदम साथ लगते पड़ोसियों से संबंध सुदृढ़ करने के अलावा भारत के समक्ष विकल्प कम ही हैं। इस ढंग के, जिनसे सुरक्षा एवं शांति सुनिश्चित हो, पश्चिम में लाल सागर-फारस की खाड़ी से लेकर पूरब में मलक्का की खाड़ी तक के इलाके में। अब यह व्यापक तौर पर मान्य है कि जो मुख्य चुनौतियां भारत के सामने अपनी सीमाओं पर और उनसे पार हैं, वे

चीन की विस्तारवादी महत्वाकांक्षा और नीतियों से उपजी हैं। लंबे समय तक भारत तेल संपन्न खाड़ी क्षेत्र से नज़दीकी रिश्ते बनाने की आकांक्षा रखता आया है, जहां पर लगभग 60 लाख भारतीय कामगार रोजी-रोटी कमा रहे हैं। एक ओर भारत ने सऊदी अरब के साथ नजदीकी संबंध स्थापित कर लिए हैं, वहीं दूसरी तरफ यूएई के साथ पहले से अच्छे संबंधों को और प्रगाढ़ किया जा रहा है। अमेरिका और सऊदी अरब के बीच रिश्ते पुनः मधुर बनाने में भारत की भूमिका अहम रही, जब अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन द्वारा सऊदी अरब के राजपरिवार को लेकर की गई नागवार टिप्पणी के बाद, सऊदी अरब की पलटवार बयानबाजी के बाद इनके संबंध तल्ख हो गए थे। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक स्लिवन और सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान के बीच हुई वार्ता में यूएई के राष्ट्रीय सुरक्षा

जी. पार्थसारथी

सलाहकार शेख तहनून बिन ज़ायद अल नाहयान भी उपस्थित थे। इन वार्ताओं के एक सूत्रधार भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल थे। यूएई, अमेरिका और भारत के बीच सहयोग बढ़ाने के वास्ते एक समझौता हुआ और जल्द ही अंतिम प्रारूप पर दस्तखत किए गए। अब पड़ोस के छह अरब राष्ट्रों सहित हिंद महासागर क्षेत्र के पश्चिमी किनारे तक के इलाके में उत्तरोतर सकारात्मक एवं सहयोगात्मक भूमिका निभाने के लिए भारत का मंच तैयार है। भारत-अमेरिकी संबंध तब से अधिक प्रगाढ़ होते गए जब अमेरिकी राष्ट्रपति ने तय किया कि हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की बढ़ती ताकत से संतुलन बैठाना भारत के बस की बात है और वह यह करना भी चाहेगा। दोस्ती के नाटक के बावजूद चीन की नीतियां भारत के प्रभाव को सीमित करने से बंधी हुई हैं। चीन पाकिस्तान के मिसाइल एवं परमाणु क्षमताओं को मजबूती देने का काम जारी रखे हुए है। भारत की अफगानिस्तान की तरफ लगती पश्चिमी सीमा के साथ और परे, चीन पाकिस्तान के साथ निकट सहयोग बनाकर काम कर रहा है। ईरान के साथ रिश्ते मजबूत करने के भारत के हालिया प्रयास, जिसमें सामरिक रूप से अहम चाबहार बंदरगाह का विकास कार्य शामिल है, इससे जहां भारत को मध्य एशिया तक और अधिक आर्थिक एवं नौवहनीय पहुंच बनाने में मदद मिलेगी, वहीं अफगानिस्तान तक भारत की पहुंच को अड़ंगे लगाने के पाकिस्तानी प्रयासों की गुजाइश कम बचेगी। ईरान के साथ भारत के बढ़ते रिश्तों पर अमेरिका ने पहले एतराज़ जताया था, लेकिन अब लगता है कि बाद में विचार करने पर, उसे ईरान से होकर, अफगानिस्तान के साथ जोड़ता भारत का परिवहन गलियारा बनाना स्वीकार्य है। उम्मीद के मुताबिक पाकिस्तान इस परिवहन गलियारे से खुश नहीं है, क्योंकि इससे रावलपिंडी के सेना मुख्यालय में बैठे पाकिस्तानी जनरलों को भारत की ईरान, अफगानिस्तान और आगे मध्य एशिया तक बनती पहुंच में रोड़े अटकाने का मौका नहीं मिलता। आगे चलकर यह गलियारा अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे से जुड़ने में भारत का एक अहम आवाजाही द्वार बन जाएगा, इसके होकर भारत पहले मध्य एशिया और रूस से जुड़ेगा, तो अंतिम छोर में, यूरोप तक समुद्री, रेल और सड़क मार्ग से जुड़ जाएगा। भारत-अमेरिका संबंधों पर जिस अहम कारक की छाया पड़ी है, वह है अमेरिकी मीडिया द्वारा भारत में लोकतांत्रिक आजादी पर कथित कुठाराघात को लेकर हो रही निरंतर आलोचना। आमतौर पर महसूस किया जाता है कि इस मीडिया आलोचना को राष्ट्रपति बाइडेन का समर्थन हासिल है। यह भी माना जा रहा है कि यदि साल के अंत में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में भारत के प्रति दोस्ताना रखने वाले ट्रंप विजयी हुए तो इस किस्म की आलोचनाएं बंद हो जाएंगी। हो सकता है भारत उन कुछ देशों में एक हो, जिसके नेतृत्व और लोगों को राष्ट्रपति ट्रंप मित्रवत और बेबाक लगें, जब वे भारत आए थे। चीन को लेकर ट्रंप में न तो कोई भ्रम है न ही उम्मीदें और पाकिस्तान के बारे में सोचने की तरफ भी उनका झुकाव कम ही रहा है। बाइडेन प्रशासन की रीति के विपरीत पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप भारत के लोकतंत्र के बारे में कोई उपदेश नहीं देते। तथापि अमेरिका के साथ हमारे संबंध लगातार निकट बनते गए, जिसमें भारत-अमेरिका में नौवहनीय सम्पर्क से सुदृढ़ता लाने हेतु सहयोग काफी बढ़ा। हिंद महासागर में बीच समुद्र जलपोतों पर हमला या लूट की वारदातों से पैदा हुए तनाव के बाद यह घटनाक्रम काफी महत्वपूर्ण है, ठीक इसी वक्त गाज़ा पर इस्राइली कब्जा अभियान जारी था। होरमुज़ की खाड़ी से लेकर मलक्का की खाड़ी तक फैले हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते दबदबे के मद्देनज़र अमेरिका भारत को बतौर एक महत्वपूर्ण सामरिक भागीदार मानना जारी रखे हुए है।

संपादकीय

हादसों की यात्रा

उत्तराखंड में शुरू हुई चारधाम यात्रा के दौरान लगातार बढ़ी सड़क दुर्घटनाएं गंभीर चिंता का विषय बनी हुई हैं। पिछले चौबीस घंटों में तीन बड़े हादसों ने परिवहन व्यवस्था की रीति-नीतियों में बदलाव की जरूरत को बताया है। शनिवार को चारधाम यात्रा पर जा रहे एक टैंपो-ट्रैवलर के खाई में गिर जाने से पंद्रह तीर्थयात्रियों की मृत्यु हो गई। 24 घंटे के भीतर पौड़ी जनपद में दो वाहन खाई में गिर गए। एक व्यक्ति की मृत्यु के अलावा दर्जनभर लोग घायल हो गए। दरअसल, गर्मी से झुलसते मैदानों से लोग तीर्थाटन और पहाड़ों पर राहत पाने के लिये बड़ी संख्या में घरों से निकल रहे हैं। हाल के दिनों में चार पहिया वाहनों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई, जिसका बोझ पहाड़ की अपेक्षाकृत कम चौड़ी सड़कें उठाने में सक्षम नहीं हैं। जिसके चलते लगातार उत्तराखंड, हिमाचल व जम्मू-कश्मीर में वाहनों के खाई में गिरने की खबरें आती हैं। विडंबना यह है कि पहाड़ की प्रकृति और यातायात की संवेदनशीलत को समझे बगैर लोग निजी वाहनों के साथ यात्रा पर निकल जाते हैं। जिसके चलते अकसर दुर्घटनाएं होती हैं। उत्तराखंड चारधाम यात्रा के शुरू होने के बाद कई-कई किलोमीटर लंबे जाम लगने के समाचार लगातार आ रहे हैं। रविवार को भी गंगा दशहरा के स्नान में शामिल होने वाले लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा। जिसके चलते हरिद्वार से पहले कई-कई किलोमीटर के जाम लगे। लोग भीषण गर्मी में अपने वाहनों में कैद हो गए और वाहन बमुश्किल सड़कों पर रेंगते नजर आए। पहाड़ों की संवेदनशीलता और जोखिम के मद्देनजर उत्तराखंड सरकार ने चालकों के लिये नए नियम बनाकर दुर्घटनाओं को टालने का प्रयास किया। राज्य सरकार ने फैसला लिया है कि पहाड़ों पर जाने वाले वाहन के चालकों के लिये हिल-एंडोर्समेंट की अर्हता को अनिवार्य किया जाएगा। अब तक यह परीक्षा ऑनलाइन होती थी। यह व्यवस्था पहले देहरादून में उपलब्ध थी, अब इसे चारधाम यात्रा के द्वार ऋषिकेश-हरिद्वार में भी अनिवार्य किया गया है। इसके अंतर्गत पहाड़ी इलाकों की सड़कों पर वाहन चलाने में बरती जाने वाली अतिरिक्त सावधानी के प्रति चालकों को सजग-सतर्क किया जाएगा। जिसके जरिये यह जानने का प्रयास होगा कि चालक पहाड़ में दुर्घटना के कारकों से बचने हेतु मनोवैज्ञानिक रूप से कितना मजबूत व सक्षम है। इस फिजिकल टेस्ट से चालकों की पर्वतीय इलाकों में वाहन चालन क्षमता का मूल्यांकन होगा। दरअसल, पहाड़ सीमित मात्रा में यात्रियों के आवागमन की इजाजत देते हैं। लेकिन हाल के वर्षों में सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करने की बजाय निजी वाहनों में दुर्गम इलाकों में जाने का फैशन बढ़ा है। संकट यह भी है कि वाहन चालकों को लाइसेंस व ग्रीन कार्ड देने में तमाम तरह की धांधलियां होती हैं। जिसके चलते अयोग्य चालक लोगों की जान संकट में डाल देते हैं। सरकारें ऐसे हादसा होने पर जागती हैं। जनता का आक्रोश टालने के लिये नये कायदे-कानून लागू करने की बात कही जाती है। कुछ दिनों शोर में ये चलता है और फिर अगली बड़ी दुर्घटना तक सब ठंडे बस्ते में चला जाता है।

सहज योग

गुरु का महत्व

'गुरु' का अर्थ होता है वजन, भार। हम अपना वजन धरती माता के गुरुत्वाकर्षण के चुंबकीय बल से प्राप्त करते हैं। तो गुरु का अर्थ है, गुरुत्वाकर्षण, किसी व्यक्ति में गुरुत्वाकर्षण। हमें गुरु की आवश्यकता क्यों है?

गुरु पूर्णिमा का दिन पूर्ण चंद्रमा का दिन है, इसलिए इसे पूर्णिमा कहा जाता है। गुरु को पूर्ण चंद्रमा की तरह होना चाहिए: इसका मतलब है पूरी तरह से विकसित, पूरी तरह परिपक्व। चंद्रमा की सोलह कला या चरण होते हैं, और जब पूर्ण पूर्णिमा आती है, पूर्णिमा के दिन, सभी सोलह कलाएं पूरी हो जाती हैं। आप यह भी जानते हैं कि विशुद्धि चक्र में सोलह उप चक्र होते हैं। जब कृष्ण को विराट के रूप में वर्णित किया जाता है, तो उन्हें सम्पूर्ण कहा जाता है: विष्णु के स्वरूप का पूर्ण अवतार। क्योंकि उन्हें सोलह चरण पूरी तरह से प्राप्त हैं। इसलिए आज की संख्या सोलह है। छह प्लस एक सात है। अब हमें गुरु के महत्व को समझना होगा। जब हमारे पास ईश्वर हैं तो हमें गुरु क्यों चाहिए? हमें शक्ति मिली है, फिर हमें गुरु क्यों चाहिए? गुरु रखने की क्या जरूरत है?

'गुरु' का अर्थ होता है वजन, भार। हम अपना वजन धरती माता के गुरुत्वाकर्षण के चुंबकीय बल से प्राप्त करते हैं। तो गुरु का अर्थ है, गुरुत्वाकर्षण, किसी व्यक्ति में गुरुत्वाकर्षण।

हमें गुरु की आवश्यकता क्यों है? क्योंकि ईश्वर को जानना आसान है, विशेष रूप से सहज योग में, उसके साथ एकाकार होना। जैसे ही आप सहज योग में अपना आत्म-साक्षात्कार प्राप्त करते हैं, तुरंत ही आप अन्य लोगों को आत्मसाक्षात्कार देने के हकदार बन जाते हैं। यह कहा जाता था कि गुरु वह व्यक्ति है जो आपका ईश्वर से मिलन कराता है। लेकिन यह सच नहीं है, क्योंकि सहज योग में कोई भी आत्मसाक्षात्कारी व्यक्ति कुंडलिनी चढ़ा सकता है और दूसरों को आत्म-साक्षात्कार दे सकता है; सहस्त्रार को छूने या सहस्रार को खोलने के तुरंत बाद। लेकिन आम तौर पर एक बोध प्राप्त -आत्मा यह नहीं कर सकता। कोई भी जन्मजात आत्मसाक्षात्कारी इसे अपने दम पर नहीं कर सकता है। चूंकि आज, मैं अधिकारी हूं, उसे मुझ से अधिकार प्राप्त करना होता है ।

इसलिए यह कहा गया कि गुरु वह व्यक्ति है जो आपका ईश्वर से मिलन करवाता है: इसका मतलब है कि कुंडलिनी उठाता है और आपको ईश्वर के साथ एकाकार करवाता है। क्योंकि उन दिनों में जब गुरु आत्म-साक्षात्कारी हुआ करते थे , जब गुरुओं को बोध प्राप्त भी हो जाता था फिर भी, जब वे विकास की,पूर्ण शुद्धि, पूर्ण निर्लिप्तता की एक बहुत ऊंची स्थिति में पहुंच जाने के बाद ही:उनके पास कुंडलिनी को ऊपर उठाने का अधिकार और शक्ति प्राप्त होती थी

जीवन ऊर्जा

रानी लक्ष्मीबाई : निधन- 18 जून 1858

अवसान

आजादी स्वयं में एक मूल्यवान वस्तु है

लक्ष्मीबाई का जन्म वाराणसी जिले के भदैनी नामक नगर में 19 नवम्बर 1835 को हुआ था। उनका बचपन का नाम मणिकर्णिका था परन्तु प्यार से उसे मनु कहा जाता था। वह मराठा शासित झाँसी राज्य की रानी और 1857 की राज्यक्रान्ति की द्वितीय शहीद वीरांगना थी। 18 जून 1858 को ग्वालियर के पास कोटा की सराय में ब्रितानी सेना से लड़ते-लड़ते रानी लक्ष्मीबाई की मृत्यु हो गई।

झांसी की रानी के जीवन से हमें यही प्रेरणा मिलती है कि आज़ादी स्वयं में एक मूल्यवान वस्तु है। अपने झांसी का आत्म समर्पण नही होने दूंगी। मैदाने जंग मे मारना है, फिरंगी से नहीं हारना है। मेरे स्वर्गीय पति ने शान्ति की कला पर अपना ध्यान समर्पित किया। हम सब एक साथ ग्वालियर मे अंग्रेजों पर हमला करेंगे।

हम स्वयं को तैयार कर रहे है, यह अंग्रेजो से लड़ने केलिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह सभी को पता है ये अंग्रेज, सभी धर्म के खिलाफ है। यदि युद्ध के मैदान मे हार गये और मारे गए तो निश्चित रूप से मोक्ष प्राप्त करेंगे। हम आजादी के लिए लड़ते है अगर कृष्ण के शब्दो मे कहें तो, यदि हम विजयी होते हैं, तो हम जीत के फल का आनंद लेंगे। हर औरत

के अंदर है झांसी की रानी, कुछ विचित्र थी उनकी कहानी मातृभूमि के लिए प्राणाहुति देने को ठानी, अंतिम सांस तक लड़ी थी वो मर्दानी। अपने हौसले की एक कहानी बनाना, हो सके तो खुद को झांसी की रानी बनाना। मैं झांसी की रानी हूं, और इस धरती मां की बेटी मेरे होते हुए कोई भी फिरंगी झांसी को हाथ नहीं लगा सकती, मैं अपनी झांसी कभी नहीं दूंगी चाहे इसके लिए मुझे अपनी जान भी क्यों न देनी पड़े झांसी मेरी आन है, शान है और ईमान है। हम लडेंग़े ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियां अपनी आज़ादी का उत्सव मना सके।

यह सभी पुरुषों के लिए स्पष्ट है कि ये अंग्रेज सभी पुरुषों के धर्म को बिगाड़ने वाले हैं। हम अपनी सेना तैयार कर रहे हैं। अंग्रेजों से लड़ने के लिए। मेरे दिवंगत पति ने अपना ध्यान शांति की कला पर केंद्रित किया, न कि एक जंगी राज्य के आभास को बनाए रखने के लिए। उन्होंने मिशनरियों के माध्यम से धार्मिक पुस्तकों के उत्पादन और प्रसार द्वारा हिंदू और मुस्लिम धर्मों को दूषित करने का प्रयास किया। मैं हिंदुओं को गंगा, तोलसी और सालिकराम के नाम से, और मुसलमानों को भगवान और कुरान के नाम से आकर्षित करती हूं और उनसे अपने पारस्परिक कल्याण के लिए अंग्रेजी को नष्ट करने में हमारे साथ शामिल होने के लिए विनती करती हूं।

शख्सियत | शंकर त्र्यंबक धर्माधिकारी

उनकी एकमात्र संपत्ति थी मानव दया और अच्छाई



शंकर त्र्यंबक धर्माधिकारी, जिन्हें आचार्य दादा धर्माधिकारी के नाम से दुनिया भर में जाना जाता है। उन्हें लोग 'महाभारत' के मशहूर चरित्र विदुर की भी संज्ञा देते थे, जिनके पास लोग सलाह लेने आते थे। ज्ञानी होने के बावजूद विदुर इतने महान थे कि उन्हें कभी सत्ता का लालच नहीं था। इसी प्रकार दादा ने कभी सत्ता या पद का लोभ नहीं किया। यहां तक उन्होंने धन, पद, पदवी का त्याग किया और उनकी एकमात्र संपति 'मानव दया' और 'अच्छाई' थी।

18 जून, 1899 को शंकर त्र्यंबक धर्माधिकारी का जन्म मध्य प्रदेश के जिला बैतूल के मुलतापी में हुआ था। उन्हें शिक्षा और विद्वता के साथ-साथ वेदांत के अध्ययन के लिए भी जाना जाता था। उनके पिता टी.डी. धर्माधिकारी एक जिला और सत्र न्यायाधीश थे, जो अपनी ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के लिए जाने जाते थे। दादा ने इंदौर क्रिश्चियन कॉलेज और बाद में नागपुर के मॉरिस कॉलेज में अध्ययन किया। लेकिन महात्मा गांधी के अधीन स्वतंत्रता संग्राम में शामिल होने के लिए अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी। हालांकि उन्होंने आदि शंकराचार्य के वेदांतिक कार्यों का अध्ययन करने में एक वर्ष बिताया।

ऐसा नहीं है कि दादा साधु का जीवन जीने के लिए सक्रियता से पीछे हट गए। उन्होंने सीपी प्रोविजनल कांग्रेस कमेटी का नेतृत्व किया, विधान सभा के सदस्य बने और बाद में संविधान सभा और सर्वोदय सम्मेलन के अध्यक्ष बने। दादा ने हमेशा दावा किया था कि जिन महान व्यक्तियों ने उन्हें जीवन में प्रभावित किया उनमें महात्मा गांधी, आचार्य विनोबा भावे, किशोरीलालभाई मशरूवाला, जमनालाल बजाज और जे. कृष्णमूर्ति शामिल हैं। दादा ने इन सभी व्यक्तित्वों की दृष्टि, सोच, सिद्धांत, आचरण को आत्मसात किया। उनकी तीक्ष्ण बुद्धि, विवेक, गांधीवादी ज्ञान की 'भक्ति', अंतर्दृष्टि और क्रांतिकारी भावना थी।

उनके जीवन भर के जुनून प्रसिद्धि, नाम या शक्ति नहीं थे, बल्कि मानवीय संबंध, युवाओं, महिलाओं का ज्ञान और समाज का पूर्ण परिवर्तन था। उन्होंने सत्य, प्रेम, अहिंसा, ट्रस्टीशिप की गांधीवादी अवधारणाओं में समाज के हर वर्ग का व्याख्यान किया। वह हर एक को स्वतंत्र और तर्कसंगत रूप से सोचने के लिए प्रेरित करने में विश्वास करते थे। महिलाओं की स्थिति पर उनके विचार क्रांतिकारी थे।

वह चाहते थे कि महिलाएं और युवा पुरुष पूर्ण क्रांति में भाग लें, ताकि जीवन के सभी क्षेत्रों में क्रांति लायी जा सके। उनका मानना था कि युवाओं के पास क्रांतिकारी दिमाग होता है और इस देश और दुनिया का भविष्य उनकी सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करता है। युवावस्था विश्व की आशा है, समस्त मानवता के भावी वर्गविहीन समाज का बीज है। 1 दिसंबर, 1985 को सेवाग्राम, वर्धा में उनका निधन हो गया। लेकिन उनका संदेश था - सभी से प्यार करो, भरोसा करना सीखो और किसी के साथ गलत मत करो।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश

नामकरण क्यों और कैसे हो ?

नामकरण संस्कार में बच्चे को शहद चटाकर भगवान सूर्यनारायण के दर्शन कराये जाते हैं और शुभ संकल्प किया जाता है कि 'बालक सूर्य की प्रखरता, तेजस्विता धारण करें ।' इसके साथ ही भूमि को नमन करके देव-संस्कृति के प्रति श्रद्धापूर्वक समर्पण किया जाता है । बच्चे का नाम रखकर सब लोग उसके चिरंजीवी, धर्मवान, स्वस्थ एवं लौकिक, आध्यात्मिक – सर्व प्रकार से उन्नतिशील होने, समृद्ध होने का सदभाव करते हैं । मनोवैज्ञानिक तथ्य है कि जिस तरह के नाम से व्यक्ति को पुकारा जाता है, उसे उसी प्रकार के गुणों की अनुभूति होती है । अतः नाम की सार्थकता समझते हुए ऐसा नाम रखना चाहिए जिससे आगे चलकर बालक को लगे कि मुझे बड़े होकर मेरे नाम के गुणानुसार बनना है ।

हमारे लाडलों के नाम कैसेहोबालक का नाम ऐसा पवित्र रखो कि पवित्र भगवान का सुमिरन हो । आजकल लोग बच्चों के नाम गजब के रखते हैं । लडकियों के नाम रखते हैं लेष्मा, श्लेष्मा. अब श्लेष्मा तो नाक से निकली हुई गंदगी को बोलते हैं । लडकों के नाम रखते

हैं टिन्नू, मिन्नू, बंकी, विक्की, पुम्बू.ये कोई नाम हैं । अभिनेत्रियों के नाम लडकियों के रखेंगे, अभिनेताओं के नाम लडकों के रखेंगे यह तो बहुत हो गया । वे बेचारे अंदर से खुद ही अशांत हैं तो अपने बच्चों को उनके नाम से क्या शांति मिलेगी, क्या ज्ञान मिलेगा अरे हरिदास रखो, गोविन्द, अम्बादास, हरिप्रसाद, शिवप्रसाद ... भगवान की स्मृति आये ऐसे नाम रखो । अभिनेता के नाम रखोगे तो लड़का अभिनेता जैसा होगा और भक्तों व भगवान के नाम रखोगे तो कुछ तो नाम का भी प्रभाव पड़ेगा उसके चित्त पर । 'रावण' नाम नहीं रखते, किसका नाम 'रावण' रखे तो कैसा मन हो जाय ? रावण, कुम्भकर्ण, हिटलर नाम नहीं रखते, अच्छे अच्छे नाम रखते हैं । सावित्री, गार्गी, अनसूया, मदालसा, अम्बा, अम्बिका नाम रख दें अपनी कन्या का. शबरी नाम रख दें तो भक्त शबरी की याद या जायेगी, भगवान श्रीरामजी की याद आ जायेगी । स्वयंप्रभा, सुलभा, ज्योति, सीता, पार्वती रख दें ..... ऐसे-ऐसे और भी कई पावन-पवित्र नाम हैं । चिंता न करें कि नाम कम पड जायेंगे । भारत के ऋषियों ने श्रीविष्णुसहस्रनाम, श्रीशिवसहस्रनाम, श्रीदुर्गासहस्रनाम आदि की रचना करके आपके लिए भगवन्नामों का भंडार खोल रखा है अपने सत्शास्त्रों में । तो ऐसे पवित्र-पावन नाम रखो ताकि भगवान की स्मृति आ जाय । और बच्चों में दैवी गुण आ जायें तथा माता-पिता में उच्च विचार आ जायें । शनिवार के दिन पीपल के वृक्ष का दोनों हाथों से स्पर्श करते हुए 'ॐ नमः शिवाय' मंत्र का 108 बार जप करने से दुःख, कठिनाई एवं ग्रहदोषों का प्रभाव शांत हो जाता है ।

पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

प्रेरक प्रसंग

गंगाजल से भरे घड़े की आत्मा कथा

संतों की एक सभा चल रही थी, किसी ने एक दिन एक घड़े में गंगाजल भरकर वहां रखवा दिया ताकि संत जन जब प्यास लगे तो गंगाजल पी सकें। संतों की उस सभा के बाहर एक व्यक्ति खड़ा था, उसने गंगाजल से भरे घड़े को देखा तो उसे तरह-तरह के विचार आने लगे, वह सोचने लगा: अहा ! यह घड़ा कितना भाग्यशाली है ! एक तो इसमें किसी तालाब पोखर का नहीं बल्कि गंगाजल भरा गया और दूसरे यह अब सन्तों के काम आयेगा। संतों का स्पर्श मिलेगा, उनकी सेवा का अवसर मिलेगा। ऐसी किस्मत किसी-किसी की ही होती है। घड़े ने उसके मन के भाव पढ़ लिए और घड़ा बोल पड़ा: बंधु मैं तो मिट्टी के रूप में शून्य पड़ा सिर्फ मिट्टी का ढेर था। किसी काम का नहीं था, कभी ऐसा नहीं लगता था कि भगवान् ने हमारे साथ न्याय किया है। फिर एक दिन एक कुम्हार आया, उसने फावड़ा मार-मारकर हमको खोदा और मुझे बोरी में भर कर गधे पर लादकर अपने घर ले गया। वहां ले जाकर हमको उसने रौंदा, फिर पानी डालकर गूंथा, चाकपर चढ़ाकर तेजी से घुमाया, फिर गला काटा, फिर थापी मार-मारकर बराबर किया। बात यहीं नहीं रूकी, उसके बाद आंवे के आग में झोंक दिया जलने को। इतने कष्ट सहकर बाहर निकला तो गधे पर लादकर उसने मुझे बाजार में भेजने के लिए लाया गया। वहां भी लोग मुझे ठोक-ठोककर देख रहे थे कि ठीक है कि नहीं ? ठोकने-पीटने के बाद मेरी कीमत लगायी भी तो क्या- बस 20 से 30 रुपये। मैं तो पल-पल यही सोचता रहा कि हे ईश्वर सारे अन्याय मेरे ही साथ करना था। रोज एक नया कष्ट एक नई पीड़ा देते हो, मेरे साथ बस अन्याय ही अन्याय होना लिखा है। लेकिन ईश्वर की योजना कुछ और ही थी, किसी सज्जन ने मुझे खरीद लिया और जब मुझमें गंगाजल भरकर सन्तों की सभा में भेज दिया। तब मुझे आभास हुआ कि कुम्हार का वह फावड़ा चलाना भी उसकी की कृपा थी। उसका मुझे वह गूंथना भी उसकी की कृपा थी, मुझे आग में जलाना भी उसकी की मौज थी और बाजार में लोगों के द्वारा ठोके जाना भी भी उसकी ही मौज थी। अब मालूम पड़ा कि मुझ पर सब उस परमात्मा की कृपा ही कृपा थी। दरसल बुरी परिस्थितिया हमें इतनी विचलित कर देती हैं कि हम उस परमात्मा के अस्तित्व पर भी प्रश्न उठाने लगते हैं और खुद को कोसने लगते हैं, क्यों हम सबमें शक्ति नहीं होती उसकी लीला समझने की।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडस्ट्रियल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

द ग्रेट वुमन

जन्म तिथि 18 जून से 22 जून तक

नीलम रामअवध

इस लेख में हम उन महिलाओं के बारे में बताएंगे, जिन्होंने कई उपलब्धियां हासिल कर समाज के लिए अपना अहम योगदान दिया है। ये उन सभी महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं जो अकेले अपने दम पर अपने सपने को पूरा करना चाहती हैं।

सुनयनी देवी

भारतीय चित्रकार

जन्म-18 जून 1970, कोलकाता, पश्चिम बंगाल,
निधन - 23 फरवरी 1962

सुनयनी देवी एक भारतीय चित्रकार थीं, जो अपनी अनूठी लोक कला शैली के लिए जानी जाती थीं। कोलकाता के प्रमुख टैगोर परिवार में जन्मी, उन्होंने 40 की उम्र में पारंपरिक भारतीय विषयों और ग्रामीण जीवन से प्रेरित होकर पेंटिंग शुरू की। औपचारिक प्रशिक्षण न होने के बावजूद, उनके काम को इसकी सादगी और रंगों के जीवंत उपयोग के लिए मान्यता मिली। सुनयनी की कला में अक्सर देवी-देवताओं और रोजमर्रा के दृश्यों को दर्शाया जाता था। सुनयनी देवी भारतीय कला के इतिहास में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति बनी हुई हैं, जिन्हें उनकी मौलिकता और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति के लिए जाना जाता है।

आंग सान सू

बर्मी राजनीतिक नेता

जन्म- 19 जून 1945, यांगून, यांगून क्षेत्र, म्यांमार

आंग सान सू की बर्मी राजनीतिक नेता और नोबेल शांति पुरस्कार विजेता हैं। वह आंग सान की बेटी हैं, जिन्होंने बर्मा की स्वतंत्रता हासिल करने में मदद की। आंग सान सू की ने ब्रिटेन में पढ़ाई की और 1988 में सैन्य सरकार के खिलाफ लोकतंत्र समर्थक आंदोलन का नेतृत्व करने के लिए बर्मा लौट आईं। उन्होंने कई साल घर में नज़रबंद रहने के दौरान बिताए, लेकिन शांतिपूर्ण प्रतिरोध का प्रतीक बनी रहीं। 2015 में, उनकी पार्टी ने राष्ट्रीय चुनाव जीते और वह म्यांमार की वास्तविक नेता बन गईं। हालाँकि, रोहिंग्या संकट से निपटने के उनके तरीके के कारण उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान हुआ। विवादों के बावजूद, वह म्यांमार के इतिहास में एक प्रमुख व्यक्ति बनी हुई हैं।

सबा अंजुम करीम

हॉकी खिलाड़ी

जन्म- 12 जून 1985 दुर्ग, छत्तीसगढ़

सबा अंजुम करीम एक प्रसिद्ध पूर्व भारतीय फील्ड हॉकी खिलाड़ी हैं। फॉरवर्ड के रूप में विशेषज्ञता प्राप्त करते हुए, उन्होंने भारतीय महिला हॉकी टीम में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सबा ने 2000 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण किया और मैनचेस्टर में 2002 के राष्ट्रमंडल खेलों में भारत की स्वर्ण पदक जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके करियर के मुख्य आकर्षणों में 2006 के एशियाई खेल और 2010 के राष्ट्रमंडल खेल शामिल हैं। अपने समर्पण और कौशल के लिए पहचाने जाने वाले सबा को 2013 में प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। सेवानिवृत्ति के बाद, वह भारत में खेलों को बढ़ावा देने और युवा एथलीटों को सशक्त बनाने में सक्रिय हैं। सबा अंजुम करीम की विरासत महिला खेलों के क्षेत्र में कई लोगों को प्रेरित करती है, जो दृढ़ता, समर्पण और खेल कौशल के महत्व पर जोर देती है।

द्रौपदी मुर्मू

वर्तमान की राष्ट्रपति

जन्म- 20 जून 1958, मयूरभंज जिला, ओडिशा, भारत

द्रौपदी मुर्मू एक भारतीय राजनीतिज्ञ हैं और 2022 में निर्वाचित होने वाली भारत की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति हैं। वे संथाल जनजाति से हैं। राजनीति में आने से पहले मुर्मू ने एक शिक्षिका के रूप में अपना करियर शुरू किया था। उन्होंने ओडिशा सरकार में मंत्री के रूप में और बाद में 2015 से 2021 तक झारखंड की राज्यपाल के रूप में कार्य किया। अपने समर्पण और सादगी के लिए जानी जाने वाली द्रौपदी मुर्मू ने अपने पूरे करियर में शिक्षा, आदिवासी अधिकारों और सामाजिक कल्याण पर ध्यान केंद्रित किया है।

चारुवी अग्रवाल

चित्रकार, मूर्तिकार, एनिमेटर

जन्म- 20 जून 1983, नई दिल्ली

चारुवी अग्रवाल एक चित्रकार, मूर्तिकार, एनिमेटर, फिल्म निर्माता और दृश्य कलाकार हैं। उन्होंने कनाडा के शेरिडन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड एडवांस्ड लर्निंग से स्नातक किया है। वह दिल्ली विश्वविद्यालय के कॉलेज ऑफ आर्ट से ललित कला में स्वर्ण पदक विजेता हैं। उन्होंने 2009 में सीडीएल (चारुवी डिज़ाइन लैब्स) की स्थापना की और कनाडा में राष्ट्रीय फिल्म बोर्ड के लिए काम किया। उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि 2013 में बनाई गई उनकी खुद की 3डी एनिमेशन फिल्म श्री हनुमान चालीसा है, जिसे कई पुरस्कार मिले। वह एनिमेशन और ललित कला के क्षेत्र में एक प्रसिद्ध व्यक्तित्व हैं। उन्होंने 26000 घंटियों से भगवान हनुमान की 25 फीट की बेल मूर्ति बनाई।

अनिता पॉलदुरई

भारतीय बास्केटबॉल खिलाड़ी

जन्म- 22 जून 1985 चेन्नई, तमिलनाडु

अनिता पॉलदुरई एक भारतीय बास्केटबॉल खिलाड़ी हैं, जो भारत की महिला राष्ट्रीय बास्केटबॉल टीम की कप्तान रह चुकी हैं। उन्हें 2021 में राष्ट्रीय नागरिक पुरस्कार पद्म श्री से सम्मानित किया गया है। उन्हें 2013 में तमिलनाडु सरकार द्वारा खेल के क्षेत्र में मुख्यमंत्री राज्य पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है। उन्होंने भारतीय महिला राष्ट्रीय टीम (2000 से 2017) में 18 साल तक खेला। अनिता पहली भारतीय महिला हैं जिन्होंने लगातार नौ एशियाई बास्केटबॉल परिसंघ (एबीसी) चैंपियनशिप में राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व किया है। अनिता के नाम राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 30 पदक जीतने का रिकॉर्ड है। अनिता ने दोहा 2013 में 3 FIBA एशियाई बास्केटबॉल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता, 2012 में हैयान, चीन में तीसरे एशियाई बीच खेलों में स्वर्ण पदक, टूर्नामेंट में कप्तान और शीर्ष सहायक, श्रीलंका 2011 में दक्षिण एशियाई बीच खेलों में स्वर्ण पदक और वियतनाम 2009 में एशियाई इनडोर खेलों में रजत पदक जीता।

मस्कारा ट्रिक जो आंखों को फ्रेश लुक देगी

मस्कारा एक बेहतरीन मेकअप टूल है जो आपकी आंखों को तरोताज़ा और जाग्रत दिखा सकता है। मस्कारा से जवां लुक पाने के लिए इन आसान स्टेप्स का पालन करें।

स्टेप 1 : सही मस्कारा चुनें

ऐसा मस्कारा चुनें जो आपकी पलकों में वॉल्यूम और लंबाई बढ़ाए। ऐसा मस्कारा जो आपकी पलकों को कर्ल करे, वह भी अच्छा है। वाटरप्रूफ मस्कारा लंबे समय तक टिका रहता है, लेकिन इसे हटाना आसान होना चाहिए ताकि यह आपकी पलकों को नुकसान न पहुँचाए।

स्टेप 2 : अपनी पलकों को तैयार करें

मस्कारा लगाने से पहले, अपनी पलकों को कर्ल करें। अपनी पलकों को धीरे से ऊपर उठाने के लिए आईलैश कर्लर का उपयोग करें। इससे आपकी आंखें बड़ी दिखती हैं। कर्लर को अपनी पलकों के बेस पर रखें, धीरे से दबाएं और कुछ सेकंड के लिए दबाए रखें। फिर, कर्लर को अपनी पलकों के बीच में ले जाएं और फिर से दबाएं।

स्टेप 3 : मस्कारा लगाएं

अपनी पलकों के बेस से शुरू करें और ऊपर जाते समय वैंड को हिलाएं। इससे हर पलक

को ढकने में मदद मिलती है और वॉल्यूम बढ़ता है। ऊपरी और निचली दोनों पलकों पर कोट लगाना सुनिश्चित करें। बेहतरीन इफेक्ट के लिए दूसरा कोट लगा सकते हैं, लेकिन क्लंप से बचने के लिए बहुत ज्यादा इस्तेमाल न करें।

स्टेप 4 : बाहरी पलकों पर ध्यान दें

अपनी आंखों को ज़्यादा जागृत दिखाने के लिए, बाहरी पलकों पर ज़्यादा मस्कारा लगाएं। इससे हल्का सा विंग्ड इफ़ेक्ट बनता है, जिससे आपकी आंखें बड़ी और उभरी हुई दिखती हैं। बाहरी कोनों पर ज़्यादा मस्कारा लगाने के लिए वैंड की नोक का इस्तेमाल करें।

स्टेप 5 : पलकों को अलग करें

अपनी पलकों को अलग करने के लिए लैश कॉम्ब या साफ़ मस्कारा वैंड का इस्तेमाल करें। जब तक मस्कारा गीला है, तब तक उन्हें धीरे से कंघी करें। इससे क्लम्प नहीं बनतीं।

स्टेप 6 : निचली पलकों को हाइलाइट करें

अपनी निचली पलकों पर हल्का मस्कारा लगाएं। इससे आंखें चमक उठती हैं और वे ज्यादा खूबसूरत दिखती हैं। वैंड की नोक का इस्तेमाल करें और ध्यान से एक पतला कोट लगाएं।

स्टेप 7 : दाग-धब्बे साफ करें

अगर आपकी पलकों पर या आंखों के नीचे मस्कारा लग जाए, तो उसके सूखने का इंतज़ार करें। फिर उसे साफे करने के लिए मेकअप रिमूवर के साथ कॉटन स्वैब का इस्तेमाल करें। इससे आपकी आंखों का मेकअप साफ और ताजा रहता है।

बिना थिनर के भी आसानी से छुड़ा सकती हैं नेल पेंट, आपके बहुत काम आएंगे ये टिप्स

आज के समय में लगभग हर लड़की व महिला अपने नेल्स को अच्छा दिखाने के लिए उन पर रंग-बिरंगे नेल पेंट लगाना बेहद पसंद करती हैं। लेकिन जितनी जल्दी नेल पेंट लगाने की होती है, तो उतनी ही जल्दी उस नेल पेंट को बदलकर दूसरी लगाने की होता है। हांलाकि नेल पेंट को हटाने के लिए नेल पेंट रिमूवर भी मार्केट में उपलब्ध होता है। लेकिन कई बार नेल पेंट तो बदलना चाहते हैं, लेकिन नेल पेंट रिमूवर खत्म हो जाता है।ऐसी स्थिति बनने पर कई लड़कियां व महिलाएं कई दूसरे उपाय भी खोज लेती हैं। जहां कुछ हेयर क्लिप की मदद से नाखूनों पर लगे नेल पेंट को खुरच देती हैं। तो वहीं कुछ नेल पेंट को अन्य तरीकों से हटाने का उपाय खोज लेती हैं। लेकिन हेयर क्लिप आदि से नेल पेंट खुरचने से आपके नाखून भी खराब हो सकते हैं। ऐसे में अगर आपके साथ भी अक्सर ऐसा होता है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं। जिनको अपनाकर आप बिना नेल्स को कोई नुकसान पहुंचाए, उन पर से नेल पेंट हटा सकती हैं। तो आइए जानते हैं इन सिंपल टिप्स के बारे में...

नींबू : भारतीय रसोई में नींबू आसानी से मिलने वाला इंग्रीडिएंट है। नेल पेंट रिमूव करने के लिए आप नींबू के रस में विनेगर को अच्छे से मिक्स कर लें। फिर इसको नेल पेंट रिमूव करने के लिए इस्तेमाल कर सकती हैं। जब आप नींबू के रस और विनेगर वाले मिक्सचर को नेल पेंट पर हल्का-हल्का रब करेंगी तो नेल पेंट भी रिमूव होने लगेगी।

परफ्यूम : नेल पेंट हटाने के लिए आप परफ्यूम का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। नेल पेंट रिमूव करने के लिए आप डिओड्रेंट या परफ्यूम का भी उपयोग कर सकती हैं। परफ्यूम को कॉटन बड की हेल्प से नेल्स पर अप्लाई कर नेल पेंट रिमूव कर सकती हैं।

अल्कोहल : इसके अलावा अल्कोहल भी नेल पेंट को रिमूव करने में सहायक होता है। एक कॉटन बड की हेल्प से अल्कोहल को नेल्स पर अप्लाई करें। आपको बता दें कि नेल पेंट को रिमूव करने के लिए अल्कोहल एक अच्छा ऑप्शन है।

राशिफल

प्रियंका जैन

मेष: पुराना रोग उभर सकता है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। स्वाभिमान को ठेस लग सकती है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

वृष: कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। निवेश शुभ रहेगा।

मिथुन: सुख के साधन प्राप्त होंगे। नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं मिलेगा। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक काम करने की इच्छा रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

कर्क: धार्मिक अनुष्ठान पूजा-पाठ इत्यादि का कार्यक्रम आयोजित हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। मानसिक शांति रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। समय अनुकूल है।

सिंह: कुसगंति से बचें। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। पुराना रोग उभर सकता है। किसी दूसरे व्यक्ति की बातों में न आएं। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। व्यापार अच्छा चलेगा।

कन्या: शरीर में कमर व घुटने आदि के दर्द से परेशानी हो सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। शत्रुभय रहेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी।

तुला: शत्रु पस्त होंगे। सुख के साधनों की प्राप्ति पर व्यय होगा। धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। बड़ा लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। साक्षात्कार आदि में सफलता मिलेगी।

वृश्चिक: किसी मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। किसी वरिष्ठ प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा।

धनु: राजभय रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। यात्रा में जल्दबाजी न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। भागदौड़ अधिक रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी।

मकर: प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक कार्यों में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। नौकरी में प्रशंसा होगी। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। चोट व रोग से बचें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी व्यक्ति के बहकावे में न आएं।

कुंभ: चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। यश बढ़ेगा। दूर से शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। घर में मेहमानों का आगमन होगा। कोई मांगलिक कार्य हो सकता है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

मीन: कुबुद्धि हावी रहेगी। चोट व रोग से बचें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। निवेश शुभ रहेगा। व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा। किसी बड़ी समस्या से मुक्ति मिल सकती है।

कालसर्प दोष भंग के लिए दैनिक छोटे उपाय

1. 108 राहु यंत्रों को जल में प्रवाहित करें।
2. सवा महीने जौ के दाने पक्षियों को खिलाएं।
3. शुभ मुहूर्त में मुख्य द्वार पर अष्टधातु या चांदी का स्वस्तिक लगाएं और उसके दोनों ओर धातु निर्मित नाग।
4. अमावस्या के दिन पितरों को शान्त कराने हेतु दान आदि करें तथा कालसर्प योग शान्ति पाठ कराए।
5.शुभ मुहूर्त में नागपाश यंत्रा अभिमंत्रित कर धारण करें और शयन कक्ष में बेडशीट व पर्दे लाल रंग के प्रयोग में लाएं।
6. हनुमान चालीसा का 108 बार पाठ करें और मंगलवार के दिन हनुमान पर सिंदूर, चमेली का तेल व बताशा चढ़ाएं।
7. शनिवार को पीपल पर शिवलिंग चढ़ाये व मंत्र जाप करें (ग्यारह शनिवार)
8. सवा महीने देवदारु, सरसों तथा लोहवान - इन तीनों को जल में उबालकर उस जल से स्नान करें।
9. काल सर्प दोष निवारण यंत्रा घर में स्थापित करके उसकी नित्य प्रति पूजा करें।
10. सोमवार को शिव मंदिर में चांदी के नाग की पूजा करें, पितरों का स्मरण करें तथा श्रध्दापूर्वक बहते पानी में नागदेवता का विसर्जन करें।
11.श्रावण मास में 30 दिनों तक महादेव का



अभिषेक करें।
12. प्रत्येक सोमवार को दही से भगवान शंकर पर - हर हर महादेव' कहते हुए अभिषेक करें। हर रोज श्रावण के महिने में करें।
13. सरल उपाय- कालसर्प योग वाला युवा श्रावण मास में प्रतिदिन रूद्र-अभिषेक कराए एवं महामृत्युंजय मंत्र की एक माला रोज करें।
14. यदि रोजगार में तकलीफ आ रही है अथवा रोजगार प्राप्त नहीं हो रहा है तो पलाश के फूल गोमूत्र में डूबाकर उसको बारीक करें। फिर छांव में रखकर सुखाएं। उसका चूर्ण बनाकर चंदन के पावडर में मिलाकर शिवलिंग पर त्रिपुण्ड बनाएं। 41 दिन दिन में नौकरी अवश्य मिलेगी।
15. शिवलिंग पर प्रतिदिन मीठा दूध उसी में भांग डाल दें, फिर बढ़ाएं इससे गुस्सा शांत होता है, साथ ही सफलता तेजी से मिलने लगती है।
16. किसी शुभ मुहूर्त में ओउम् नमः शिवाय' की 21 माला जाप करने के उपरांत शिवलिंग का गाय के दूध से अभिषेक करें और शिव को प्रिय बेलपत्रा आदि श्रध्दापूर्वक अर्पित करें। साथ ही तांबे का बना सर्प शिवलिंग पर समर्पित करें।

प्रियंका जैन
9769994439

खबर संक्षेप

जिंदा जली मासूम, आग लगने से हादसा

अलवर। अलवर के गोविन्दगढ में एक गांव है 'आगरा की' नाम का। इस, गाँव के एक घर में अज्ञात कारण से लगी आग के कारण एक दर्दनाक हादसा हो गया। घर में आग लगने से 6 वर्ष की मासूम जिंदा जल गई। परिजनों ने बताया कि सन्ना/अजरूद्दीन (6) अपने कच्चे घर में कूलर के सामने सो रही थी। जबकि उसकी मां ईद की रस्म पूरी करने के बाद खाना बना रही थी और उसके पिता जो रविवार रात को ईद मनाने के लिए गाड़ी से लौटे थे अपने परिवार के लोगों के साथ बैठकर चर्चा कर रहे थे। अचानक से बच्ची के रोने की और मां को आवाज देने की चीख सुनाई दी तो परिजन मौके पर पहुंचे। लेकिन चंद पलों में ही सबकुछ ख़ाक हो गया। परिजनों ने आग बुझने के बाद देखा कि आग में जलने से मासूम की मौत हो गई है।

तेज रफ्तार ट्रेलर ने राह चलते लोगों को कुचला, 5 लोगों की दर्दनाक मौत

उदयपुर। राजस्थान में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। उदयपुर में तेज रफ्तार ट्रेलर ने राह चलते लोगों को कुचल दिया। इस हादसे में ट्रेलर चालक, परिचालक सहित 5 लोगों की मौत हो गई। वहीं, एक गंभीर घायल को उदयपुर रेफर किया गया है। घटना गोगुंदा पिंडवाड़ा हाइवे की है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को एंबुलेंस की मदद से सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस के मुताबिक हादसा सुबह गोगुंदा पिंडवाड़ा हाइवे के मलवा चौराहे पर हुआ। जहां तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित हो गया और राहगीरों को कुचलता चला गया। इस हादसे में तीन राहगीरों की मौके पर ही मौत हो गई है और एक गंभीर घायल हो गया।

अलवर में हत्या का बढ़ रहा ग्राफ, हर माह पांच और 65 महीनों में हुए 360 मर्डर

अलवर। अलवर जिले में हत्या के मामलों का ग्राफ बढ़ रहा है। हर महीने औसतन पांच से छह हत्या के मामले पुलिस थानों में दर्ज हो रहे हैं। वर्ष 2019 में पुराना अलवर जिला था, जिसमें से 15 अगस्त 2019 को भिवाड़ी नया पुलिस जिला बना दिया गया था। वर्ष-2019 में अलवर जिले में हत्या के 52 प्रकरण दर्ज हुए थे। भिवाड़ी पुलिस जिला बनने के बाद अकेले अलवर जिले में साल 2020 में 78 और साल 2021 में 74 हत्या के प्रकरण दर्ज हुए। साल-2023 में अगस्त में राज्य सरकार ने अलवर के टुकड़े कर खैरथल-तिजारा और कोटपूतली-बहरोड़ नए जिले बनाए दिए। इसके बार बानसूर, हरसौरा और नारायणपुर थाने कोटपूतली-बहरोड़ जिले में शामिल हो गए। इस साल अलवर में 66 मर्डर हुए। वहीं, साल-2024 में मई माह तक अलवर जिले में 24 हत्याएं हो चुकी हैं।

अपने ही निकले कातिल

दो सगे भाइयों ने बहन की हत्या कर पेट्रोल से जलाया शव

एजेंसी । हरदोई

यूपी के हरदोई के अतरौली थाना क्षेत्र में 30 मई को एक युवती का अधजला शव मिलने के मामले में पुलिस ने रविवार को खुलासा किया। युवती की हत्या किसी और ने नहीं बल्कि उसी के दो सगे भाइयों ने की थी। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। जिस कार से युवती को यहां तक लाया गया पुलिस ने उसे भी बरामद कर लिया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि बहन गैर समुदाय के एक युवक से प्यार करती थी इसी बात से परिजन एतराज रखते थे। समझाने पर जब वह नहीं मानी तो उसकी हत्या कर दी। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी नृपेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि लखनऊ के थाना काकोरी के मोहल्ला कायस्थाना की रहने वाली बिट्टी उर्फ संगीता का शव अतरौली थाना क्षेत्र में मिला था। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू की गई। इसमें युवती के भाई दुर्गेश सैनी और शंकर उर्फ रवि की भूमिका संदिग्ध प्रतीत हुई। दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो सच सामने आ गया।

सीसीटीवी फुटेज के सहारे पकड़े गए आरोपी

एएसपी के अनुसार दोनों भाइयों ने बताया कि उसकी बहन बिट्टी एक गैर समुदाय के युवक से प्रेम करती थी। इसका पूरा परिवार विरोध कर रहा था। कई बार मना किया गया, लेकिन वह नहीं मानी। इसी बात से खफा होकर 30 मई को मौसी की तबीयत खराब होने का बहाना बनाकर उसको कार में लेकर अतरौली थाना क्षेत्र में आए। अतरौली थाना क्षेत्र के ग्राम पवैया से गहडोल जाने वाले मार्ग पर सुनसान इलाके में पतवार रखी हुई थी। उसी स्थान पर बिट्टी का गला दबाकर मार डाला। फिर उसे पतवार से ढंककर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। सीसीटीवी फुटेज के सहारे लखनऊ तक पहुंची पुलिस टीम एएसपी पूर्वी ने बताया कि घटना के समय जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो पता चला कि एक कार आई थी। जिसमें दो लोग सवार थे। इसके बाद कार पर सवार दोनों का हुलिया लोगों ने बताया। इसके बाद अन्य सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू किए गए। इसी दौरान एक स्थान पर फुटेज में कार और बताई गई होलिया के आधार पर आरोपितों की तस्वीर देखने को मिली। इसके आधार पर पुलिस लखनऊ आरोपियों के घर तक पहुंच गई।

औरंगाबाद श्रेया हत्याकांड

मौत के चार दिन बाद भी प्रदर्शन जारी

एजेंसी । औरंगाबाद

औरंगाबाद के नवीनगर में 11वीं की छात्रा श्रेया कुमारी की मौत के विरोध में आंदोलन का दौर जारी है। सोमवार की सुबह शहर के क्षत्रिय नगर मोड़ पर युवाओं के साथ-साथ स्थानीय लोगों ने एनएच 19 को जाम कर आगजनी की। सड़क के बीचोबीच टायर जलाकर आवागमन को बाधित कर दिया। पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। श्रेया का पोस्टर टांगकर बीच सड़क पर ही श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि

श्रेया की मौत आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या है और इसे छिपाने का प्रयास किया जा रहा है। जब तक श्रेया को न्याय नहीं मिल जाता तब तक वे चुप बैठने वाले नहीं है। पुलिस तीन लोगों को पकड़कर वाहवाही लूट रही है। जब तक इस मामले में दूध का दूध और पानी का पानी नहीं हो जाता वे शांत नहीं रहेंगे। इधर जानकारी मिली कि लगभग डेढ़ से दो घंटे तक प्रदर्शनकारियों की वजह से हाइवे जाम रहा। कड़ी धूप व लू के बीच यात्री फंसे रहे। हालांकि कुछ लोगों ने उन्हें समझा-बुझाकर शांत कराया,तब यात्रियों को जाम से मुक्ति मिली।

घटना के विरोध में बरियावां बाजार बंद, कैंडल जुलूस निकालकर दी श्रद्धांजलि

इधर, श्रेया की मौत के विरोध में नवीनगर प्रखंड का बरियावां बाजार भी बंद रहा। स्थानीय युवाओं ने न्यायिक जांच की मांग को लेकर कैंडल मार्च निकाला। बरियावां से इंटवा मोड़ होते हुए गैस एजेंसी तक कैंडल मार्च निकालकर श्रेया को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सैकड़ों लोग मौजूद थे। बरियावां के मुखिया पति विजय प्रताप सिंह की मौजूदगी में युवाओं ने कहा कि प्रशासन को श्रेया मामले की निष्पक्ष जांच करानी चाहिए।

पुलिस की कार्यशैली असंतोष जनक : सीपीआई

सीपीआई कार्यकर्ताओं ने श्रेया कांड की घोर निंदा की है। सीपीआई के पूर्व जिला मंत्री जगनारायण सिंह विकल एवं अंचल मंत्री अधिवक्ता चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि श्रेया हत्या कांड में पुलिस की रवैया असंतोषजनक है। पुलिस हत्या कांड का पर्दाफाश करने में आखिर देर क्यों कर रही है। इससे स्पष्ट हो रहा है कि पुलिस की मंशा नाकारात्मक है। सीपीआई कार्यकर्ताओं ने पिड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है। साथ ही घटना की जांच डीआईजी से कराने की मांग की है।

'सुधरेगा या फिर परलोक सिधारेगा'

बिहार के डिप्टी सीएम ने अपराधियों को दी चेतावनी

एजेंसी । पटना

बिहार में अपराधी अगर नहीं सुधरे तो उन्हें परलोक भेज दिया जाएगा। सीएम नीतीश कुमार के पहले कार्यकाल 2005 से 2010 की सरकार की तरह फिर से अपराध पर नियंत्रण के लिए अपराधियों पर कार्रवाई की जाएगी। यह बात उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने लखीसराय में कही।

भ्रष्ट अधिकारियों को भी चेतावनी

डिप्टी सीएम ने अपराधियों के साथ भ्रष्ट अधिकारियों को भी चेतावनी दी है। डिप्टी सीएम ने कहा कि बालू, शराब और भू-माफियाओं को पनाह देने वाले भ्रष्ट अधिकारियों की भी पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ऐसे अधिकारी सरकार को बदनाम करने का काम करते हैं। भ्रष्ट अधिकारी नहीं बख्शे जाएंगे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार से कमाई करने वाले अधिकारियों की संपत्ति जब्त की जाएगी। सभी जिलों में एसटीएफ का गठन किया जाएगा। ताकि जिले में कानून व्यवस्था बनी रहे। डिप्टी सीएम ने कहा कि हर हाल में बिहार से गुंडों और माफियाओं का सफाया कर दिया जाएगा। इसके लिए सरकार की तरफ से अपराधियों के खिलाफ लड़ाई शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि कोई भी इस कार्रवाई से नहीं बच सकता, चाहे वो किसी राजनीतिक दल के संरक्षण में ही क्यों ने हो। डिप्टी सीएम ने बालू की कालाबाजारी करने वाले बालू माफियाओं के विरुद्ध भी कार्रवाई करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि ऐसे बालू कारोबारियों का लाइसेंस रद्द किया जा रहा है, जो बालू स्टॉक करते हैं।

पलामू में सड़क हादसा

एंबुलेंस की चपेट में आने से मोपेड चालक की मौत

एजेंसी । हरिहरगंज

झारखंड के पलामू जिले के हरिहरगंज में एंबुलेंस की चपेट में आने से मोपेड चालक की मौत हो गयी। मृतक का नाम केश्वर साव बताया जा रहा है। सड़क हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर सड़क पर विरोध प्रदर्शन किया। इससे करीब ढाई घंटे सड़क जाम रही। पुलिस अधिकारियों ने परिजनों को समझाया-बुझाया और सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजे का भरोसा दिया। इसके बाद आवागमन शुरू हो सका।

एंबुलेंस की टक्कर से मोपेड सवार की मौत

पलामू जिले के मेदिनीनगर-औरंगाबद मुख्य पथ (एनएच-139) पर सोमवार को दुबटिया मोड़ के समीप एंबुलेंस की टक्कर से मोपेड सवार केश्वर साव (65 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गयी। वह हरिहरगंज से धान का बीज खरीद कर पिपरा थाना क्षेत्र के होल्या गांव स्थित अपने घर लौट रहा था। सड़क हादसा सुबह करीब 9 बजे हुआ। दुर्घटना की सूचना पाकर घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गयी। मृतक के परिजन व आसपास के लोगों ने मुआवजे की मांग करते हुए एनएच-139 को जाम कर दिया। बाद में हरिहरगंज तथा पिपरा थाने के पुलिस अधिकारियों द्वारा समझा-बुझाकर तथा सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा दिलाने के आश्वासन के ढाई घंटे बाद सड़क जाम हटाया गया।

मुड़ने के दौरान एंबुलेंस ने मारी टक्कर

जानकारी के अनुसार केश्वर साव धान का बीज खरीद कर मोपेड से घर लौट रहा था। इस दौरान पिपरा की ओर मुड़ने के क्रम में पीछे से आ रही एंबुलेंस ने टक्कर मार दी। इससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। घटनास्थल पर उनके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। सड़क जाम रहने के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी थी।

मारपीट में घायल युवक को रातभर थाने में भूखा-प्यासा रखा, सुबह चली गई जान

थाना प्रभारी समेत 2 सस्पेंड

एजेंसी । एटा

यूपी के एटा में पुलिस की लापरवाही सामने आई है। जहां मारपीट होने पर थाना में लाए गए एक युवक को रातभर भूखा-प्यासा रखा। यहां तक कि घायल को अस्पताल में भी भर्ती भी नहीं कराया। अगली सुबह उसकी मौत हो गई। अब अपने बचाव में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि युवक की मौत गर्मी से हुई है। फिलहाल थाना प्रभारी और कांस्टेबल को सस्पेंड कर दिया गया है। ये घटना थाना निधौली कलां क्षेत्र का है। दलशाहपुर के रहने वाले 34 साल के देवेंद्र सैनी की दोस्ती गांव के ही हुसैन के साथ थी।

फिजूलखर्ची रोकने के लिए शिक्षा विभाग ने उठाया बड़ा कदम

एजेंसी । टोंक

शिक्षा विभाग ने अधिकारियों की बैठकों और सरकारी दौरे पर होने वाली फिजूलखर्ची पर रोक लगाने का निर्णय लिया है। शिक्षा निदेशक ने आदेश जारी कर बताया कि अब कोई भी शिक्षा अधिकारी सरकारी दौरे, कार्यक्रम में स्वागत के दौरान साफा नहीं लेगा। यहां तक कि गुलदस्ता और स्मृति चिह्न लेने पर भी रोक लगाई गई है। इस आदेश से सबसे बड़ी राहत प्रिंसिपल और प्रधानाध्यापकों को मिली है। क्योंकि स्कूलों में आए दिन डीईओ, सीडीईओ, सीबीईईओ या अन्य अधिकारी औचक निरीक्षण के नाम पर पहुंच जाते हैं। उनके स्वागत के लिए प्रिंसिपल को हमेशा अपने पास साफे रखने पड़ते हैं।

व्यापार जगत

भूटान में 570 MW का ग्रीन हाइड्रो प्लांट लगाएगा अडाणी-ग्रुप

कंपनी के चेयरमैन गौतम अडाणी ने भूटान नरेश और प्रधानमंत्री से मुलाकात की

एजेंसी । नई दिल्ली

अडाणी ग्रुप भूटान में 570 मेगावाट का ग्रीन हाइड्रो प्लांट लगाएगा। अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी ने 16 जून को थिम्पू में भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने भूटान में 570 मेगावाट के ग्रीन हाइड्रो प्लांट के निर्माण के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर की घोषणा की।

गौतम अडाणी ने सोशल मीडिया पर शेयर की जानकारी

इसको लेकर गौतम अडाणी ने सोशल मीडिया साइट X पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि भूटान के माननीय प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे के साथ मुलाकात बहुत ही रोमांचक रही। चुखा प्रांत में 570 मेगावाट के हरित हाइड्रो प्लांट के लिए ड्रक ग्रीन पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (डीजीपीसी) के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए।

उन्होंने आगे लिखा कि यह देखकर बहुत अच्छा लगा कि भूटान के प्रधानमंत्री महामहिम राजा के दृष्टिकोण को आगे बढ़ा रहे हैं और पूरे राज्य में व्यापक बुनियादी ढांचे की पहल कर रहे हैं। भूटान में हाइड्रो और अन्य बुनियादी ढांचे पर मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं।

एफडी पर करदाता को मिल सक्ती है विशेष छूट

एजेंसी । नई दिल्ली

एजेंसी। नई सरकार अलग-अलग क्षेत्रों में लोगों को राहत पहुंचाने की योजना पर काम कर रही है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि बैंक जल्द ही करदाताओं को राहत भरी खबर दे सकते हैं। बताया जा रहा है कि सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को सुझाव दिया है कि वे कर बचत वाली सावधि जमा यानी एफडी पर करदाताओं को थोड़ी राहत दें। उम्मीद की जा रही है कि जुलाई के दूसरे पखवाड़े में पेश होने वाली पूरक बजट में कर बच वाली सावधि योजना की लॉकइन अवधि को पांच से घटाकर तीन वर्ष किया जा सकता है।

माना जा रही है कि इस कदम से बैंकों के सामने जो नकदी का संकट पैदा हो रहा है उसमें थोड़ी राहत मिलेगी। गौरतलब है कि इस संकट को दूर करने के लिए कई बैंकों नें एफडी पर दिए जाने वाले ब्याज को बढ़ाने की घोषणा की है। सूत्रों के मुताबिक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को सुझाव देने का मकसद लोगों को फिर से परम्परागत निवेश माध्यम की तरफ आकर्षित करना है। देखा गया है कि बीते साल से बैंकों में जमा से ज्यादा ऋण में वृद्धि हुई है।

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स के मुताबिक, म्यूचुअल फंड कंपनियों का प्रबंधित कोष अप्रैल 2019 में 24.79 लाख करोड़ से बढ़कर 20 अप्रैल, 2024 तक 52.76 लाख करोड़ हो गया है। बढ़ता कर्ज और घटती जमा राशि बैंकों के लिए चिंता का विषय है। इस वजह से बैंकों को बाजार से पैसा उठाना पड़ता है, जिस वजह से कर्ज भी महंगे होते हैं।

निवेश के अन्य विकल्पों में रिटर्न ज्यादा

बीते कुछ समय के रुझानों से लोगों को कर बचत वाली एफडी की जगह शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड या इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम यानी ईएलएसएस पंसद आ रहे हैं। इन निवेश माध्यमों में रिटर्न भी ज्यादा है और लॉक इन पीरियड का ज्यादा झंझट नहीं है। बीते साल 2023-2024 में बैंकों में जमा वृद्धि जहां 12.9% रही तो ऋण वृद्धि 16.3% रही थी। वहीं देखा जाए तो वित्त वर्ष 2021 के मुकाबले वित्त वर्ष 2023 में भारतीय निवेशकों का निवेश शेयर मार्केट और बॉन्ड मार्केट में 0.5% से बढ़कर 0.8% हुआ है, वहीं, बैंकों में डिपॉजिट 6.2% से घटकर 4% आ गया है।

चीन ने ऋण दर में नहीं किया बदलाव

एजेंसी । बैंकॉक

चीन के केंद्रीय बैंक ने सोमवार को प्रमुख ऋण दर में कोई बदलाव नहीं किया। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के मई के आंकड़ों के मुताबिक विनिर्माण और रियल एस्टेट क्षेत्रों में लगातार कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। इसके बावजूद कर्ज को सस्ता नहीं किया गया है। चीन के केंद्रीय बैंक ने एक वर्षीय मध्यम अवधि के कर्ज के लिए अपनी उधारी दर को 2.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। इसका इस्तेमाल अन्य ऋण दरों के लिए मानक के रूप में किया जाता है।

राहत: आयकर दरों में कटौती की संभावना

एजेंसी । नई दिल्ली

एजेंसी। जुलाई के दूसरे पखवाड़े में घोषित होने वाले पूरक आम बजट में आयकरदाताओं को बड़ी राहत मिलने की संभावना है। बताया जा रहा है कि नीति निर्माता मौजूदा आयकर ढांचे को युक्तिसंगत बनाने के लिए आयकर दरों में कटौती कर सकते हैं।

रायटर की खबर के मुताबिक भारतीय अर्थव्यवस्था में जान डालने को आने वाले बजट में सरकार इनकम टैक्स को लेकर बड़ा ऐलान कर सकती है। बताया जा रहा है कि यह कदम देश में सुस्त पड़ती खपत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उठाया जाएगा।

इस एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि इस योजना के तहत

कम आय वाले आयकरदाताओं को ज्यादा कर छूट दी जा सकती है। उम्मीद की जा रही है कि भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की नवगठित सरकार द्वारा जुलाई के तीसरे सप्ताह तक वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पूर्ण बजट पेश करने की संभावना है। दो सरकारी अधिकारियों ने बताया कि इस बात कि संभावना है कि सरकार कम आय वालों के लिए आयकर की दरों में कटौती को अन्य लोकलुभावन योजनाओं और अत्यधिक कल्याणकारी व्यय पर प्राथमिकता दे सकती है। अधिकारियों ने कहा कि कर में कटौती से लोगों के हाथ में ज्यादा रकम आएगी जिसके परिणामस्वरूप खपत में वृद्धि होगी तथा आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। लोगों के हाथ में ज़्यादा पैसा होगा, जिससे खपत बढ़ेगी और प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर राजस्व में वृद्धि होगी। इसलिए भले ही आयकर दरों में कटौती से राजस्व में कमी हो, लेकिन इसका शुद्ध प्रभाव सकारात्मक ही होगा। एक अधिकारी ने बताया कि मौजूदा कर ढांचे की समीक्षा में यह बात निकलकर सामने आई है कि मौजूद टैक्स ढांचा युक्तिसंगत नहीं है। इसमें आय पर कर टैक्स वृद्धि बहुत ज्यादा है। नई कर प्रणाली में पांच फीसदी का पहला स्लैब तीन लाख रुपये की आय से शुरू हो जाता है। जब आय 15 लाख रुपये तक पहुंचती है, यानी पांच गुना बढ़ती है, तो कर की दर पांच प्रतिशत से बढ़कर 30 प्रतिशत हो जाती है यानी आयकर की दर में छह गुना वृद्धि होती है। यह वृद्धि दर काफी ज्यादा है।

10 अरब डॉलर की आय हासिल करने की योजना : वेदांता

एजेंसी । नई दिल्ली

खनन क्षेत्र की दिग्गज कंपनी वेदांता समूह की निकट भविष्य में 10 अरब अमेरिकी डॉलर की कर पूर्व आय हासिल करने के लक्ष्य को 50 से अधिक उच्च प्रभाव वाली वृद्धि परियोजनाओं के समय पर क्रियान्वयन से बल मिलेगा। इनमें जस्ता, एल्युमीनियम, तेल एवं गैस तथा बिजली कारोबार शामिल हैं। वेदांता समूह द्वारा आयोजित 'साइट विजिट' पर आए 45 से अधिक कोष प्रबंधकों और विश्लेषकों के समक्ष प्रस्तुत की गई 'पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन' के अनुसार ये परियोजनाएं पूरी होने के अग्रिम चरण में हैं।

टी-20 विश्व कप

विंडीज-अफगानिस्तान ग्रुप में नंबर वन बनने को भिड़ेंगे

नंबर गेम

- 07 टी-20 मैच दोनों टीमों ने अब तक आपस में खेले
- 04 में विंडीज और तीन में अफगान टीम को जीत मिली
- 164 रन सर्वाधिक विंडीज, 156 अफगान टीम ने बनाए
- 176 रन विंडीज के लिए कुल इविन लुइस ने अब तक बनाए

एजेंसी । ग्रोस आइलेट

शानदार प्रदर्शन कर रही अफगानिस्तान और मेजबान वेस्टइंडीज की टीमें मंगलवार को टी-20 विश्व कप के ग्रुप सी में आमने-सामने होंगी। दोनों टीमें तीन मैचों में तीन जीत से पहले ही सुपर आठ में पहुंच चुकी हैं। ऐसे में अपने अंतिम ग्रुप मैच में दोनों टीमें जीत के साथ शीर्ष स्थान पर रहने की कोशिश करेंगी।

अच्छा रहा प्रदर्शन

अफगानिस्तान के अब तक के अभियान में कोई कमजोर कड़ी नहीं दिखी है। राशिद खान की अगुआई वाली टीम कैरिबियाई पिचों और यहां की परिस्थितियों का लुत्फ उठा रही है। सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज (167) और फजलहक फारुकी (12 विकेट) क्रमशः सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों और सबसे अधिक विकेट चटकाने वाले गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं जो आईसीसी की इस प्रतियोगिता में अफगानिस्तान के दबदबे को दिखाता है। गुरबाज के अलावा अनुभवी इब्राहिम जादरान ने भी बल्ले से अच्छा योगदान दिया है। उन्होंने एक मैच में 70 रन का योगदान देने के साथ अब तक 114 रन बनाए हैं। अफगानिस्तान की टीम में दाएं हाथ के बल्लेबाजों की भरमार है।

मुजीब की कमी

अफगानिस्तान को इस विश्व कप में अब अनुभवी मुजीब उर रहमान की सेवाएं नहीं मिलेंगी जो चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए है। टीम में हालांकि बेहतरीन स्पिनरों की कोई कमी नहीं है। कप्तान राशिद खान और युवा नूर अहमद ने पापुआ न्यू गिनी और न्यूजीलैंड के खिलाफ किफायती गेंदबाजी की। डैरेन सैमी नेशनल स्टेडियम की पिच अमेरिका और कैरेबियाई देशों में हो रहे इस टूर्नामेंट की सबसे अच्छी पिचों में से एक है। यहां गेंद बल्ले पर अच्छी तरह से आ रही है। यहां खेले गए मैच बड़े स्कोर वाले रहे हैं और रविवार को श्रीलंका ने भी यहां 200 से अधिक रन बनाए थे।

अच्छी जीत की जरूरत

वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों ने अभी तक टूर्नामेंट में निरंतर प्रदर्शन नहीं किया है लेकिन यहां की परिस्थितियां उन्हें रास आएंगी और वे लय हासिल करने लिए आतुर होंगे। पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) पर मुश्किल जीत के साथ शुरुआत करने के बाद वेस्टइंडीज ने युगांडा और न्यूजीलैंड पर प्रभावशाली जीत दर्ज की।

टीम

अफगानिस्तान : राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, अजमतुल्लाह उमरजई, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नैब, करीम जनत, नांग्याल खारोटी, हजरतुल्लाह जजई, नूर अहमद, नवीन-उल-हक, फजलहक फारुकी, फरीद अहमद मलिक।

वेस्टइंडीज : रोवमैन पॉवेल (कप्तान), ब्रैंडन किंग, जॉनसन चार्ल्स, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), शेरफेन रदरफोर्ड, आंद्रे रसेल, रोमारियो शेफर्ड, रोस्टन चेस, अकील होसेन, अल्जारी जोसेफ, गुडाकेश मोटी, ओबेद मैककॉय, शमर जोसेफ, शिमरॉन हेटमायर और शाई होप।

रोहित के कोच ने मेरे करियर को आकार दिया : हरमीत सिंह

एजेंसी । नई दिल्ली

अमेरिका में चल रहे टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन कर रही अमेरिकी टीम का हिस्सा बाएं हाथ के स्पिनर हरमीत सिंह ने खुलासा किया है कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के कोच दिनेश लाड ने उनके करियर को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इकतीस वर्षीय हरमीत ने दो अंडर-19 विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व किया और अमेरिका जाने से पहले आयु वर्ग टूर्नामेंटों में मुंबई के लिए खेले। वह अब अमेरिकी टीम के सदस्य है जिसने टी20 विश्व कप में अपने पहले ही प्रयास में सुपर आठ चरण में जगह बनाई।

एक वीडियो में हरमीत ने कहा, ''मैं इस यात्रा में मेरा साथ देने वाले सभी लोगों और विशेष रूप से दिनेश लाड सर को धन्यवाद देना चाहता हूं। मेरी प्रतिभा को सबसे पहले लाड सर ने पहचाना जो मेरे स्कूल के दिनों में कोच और मेंटर थे (रोहित शर्मा उसी स्कूल में पढ़ते थे)।'' उन्होंने कहा, ''असल में उन्होंने ही मुझे अपने स्कूल में शामिल होने की सलाह दी थी। वहां उन्होंने मुझे वह सब कुछ दिया जो वह संभवतः दे सकते थे।'' हरमीत ने कहा कि लाड के बिना उनकी प्रगति संभव नहीं थी। उन्होंने कहा, ''मैंने स्वामी विवेकानंद स्कूल में दाखिला लिया। हमने कई रिकॉर्ड तोड़े, तब उपनगरों में क्रिकेट नहीं था, लेकिन अब पीछे मुड़कर देखने पर यह सब एक सपने जैसा लगता है। हमने स्कूल में जो कुछ भी हासिल किया, वह लाड सर के सहयोग के बिना संभव नहीं हो सकता था।'' हरमीत ने कहा, ''जिस जुनून के साथ उन्होंने हम पर काम किया और पद्माकर शिवालकर सर तथा प्रवीण आमरे सर के अंतर्गत बेहतर प्रशिक्षण के लिए हमें शिवाजी पार्क जिमखाना भेजकर जो समर्पण दिखाया, वह काबिले तारीफ है।'' अमेरिका अपने सुपर आठ अभियान की शुरुआत 19 जून को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ करेगा।

कप्तानी छोड़ने के बारे में अभी नहीं सोचा : बाबर आजम

फोर्ट लाउडरहिल (फ्लोरिडा)। टी-20 विश्व कप के शुरुआती चरण से बाहर होने के बाद आलोचनाओं का सामना कर रहे पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने कहा कि उन्होंने कप्तानी छोड़ने के बारे में अभी नहीं सोचा है। इस बारे में कोई फैसला पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से बातचीत के बाद किया जाएगा। सुपर आठ चरण में जगह बनाने में विफल रहे पिछले विश्व कप (2022) के उपविजेता पाकिस्तान के कप्तान ने आयरलैंड पर तीन विकेट की जीत के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, जब मैं वापस जाऊंगा तो हम चर्चा करेंगे। अगर मुझे कप्तानी छोड़नी होगी, यह फैसला, मैं आपको खुलकर बताऊंगा। मैं पर्दे के पीछे कुछ भी घोषणा नहीं करूंगा। जो कुछ भी होगा, वह सब के सामने होगा। बाबर ने कहा कि पीसीबी ने उन्हें फिर से कप्तानी सौंपी थी और इसके जारी रखने पर कोई भी फैसला उन्हीं का होगा। बार-बार कप्तानी के सवाल पर बाबर ने झल्लाते हुए कहा कि हार के लिए सिर्फ उन्हें बलि का बकरा नहीं बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा, हम टीम के तौर पर अच्छा नहीं खेले। मैंने आपको पहले भी कहा कि हम किसी एक खिलाड़ी की वजह से नहीं हारे हैं।

साइब्रांड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया

ग्रॉस आइलेट। नीदरलैंड्स के मध्यक्रम के बल्लेबाज साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। 35 वर्षीय एंगेलब्रेक्ट ने रविवार को श्रीलंका से मिली हार के बाद टूर्नामेंट में अपनी टीम का अभियान समाप्त होने पर संन्यास की घोषणा की है। साइब्रांड का यह आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच था। इस मैच में शानदार क्षेत्ररक्षण करते हुए ब्राउंड्री बचाने का उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इसे इंस्टाग्राम पर दस लाख से ज्यादा बार देखा गया। दक्षिण अफ्रीका में जन्मे एंगेलब्रेक्ट ने 2023 में नीदरलैंड्स की टीम में पदार्पण किया था। उन्होंने 12 एकदिवसीय और 12 टी-20 मैच खेले। उन्होंने एकदिवसीय में 35.00 की औसत से 385 रन बनाए, जिसमें दो अर्धशतक भी शामिल हैं। इसके अलावा टी-20 में 31.11 की औसत से 280 रन बनाए है। वह इस विश्व कप में नीदरलैंड्स के सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी थे।

पावो नूरमी खेलों से ओलंपिक की तैयारियों की शुरुआत करेंगे नीरज चोपड़ा

तुर्कू (फ़िनलैंड)। मामूली चोट से उबरने के लिए कुछ समय तक आराम करने वाले ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा मंगलवार को यहां पावो नूरमी खेलों में भाग लेकर पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए अपनी तैयारियों की शुरुआत करेंगे। चोपड़ा इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी को जर्मनी के किशोर एथलीट मैक्स डेहनिंग की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है जो 90 मीटर तक भाला फेंकने वाले खिलाड़ियों की सूची में सबसे युवा खिलाड़ी हैं। इस 19 वर्षीय खिलाड़ी को ओलंपिक में चोपड़ा के लिए कड़ा प्रतिस्पर्धी माना जा रहा है। उनके अलावा इस एक दिवसीय प्रतियोगिता में स्थानीय खिलाड़ी ओलिवर हेलैंडर भी अपनी चुनौती पेश करेंगे जिन्होंने यहां 2022 में चोपड़ा को पीछे छोड़कर स्वर्ण पदक जीता था।

भारतीय खिलाड़ी ने 2022 में 89.30 मीटर भाला फेंक कर रजत पदक जीता था। यह उनका तब व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी था। उन्होंने उसी वर्ष डायमंड लीग के स्टोकहोम चरण में 89.94 मीटर भाला फेंक कर इसमें सुधार किया था।

ग्रेनेडा के दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स और त्रिनिदाद एवं टोबैगो के 2012 ओलंपिक चैंपियन केशोर्न वालकॉट भी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। चोपड़ा जांघ की मांसपेशियों में हल्के दर्द के कारण पिछले महीने ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक प्रतियोगिता से हट गए थे। दोहा डायमंड लीग से अपने सत्र की शुरुआत करने वाले चोपड़ा पावो नूरमी खेलों के बाद सात जुलाई को पेरिस डायमंड लीग में भाग लेंगे।

अपने करियर की सर्वोच्च रैंकिंग पर पहुंचे सुमित नागल

नई दिल्ली। भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल एटीपी एकल रैंकिंग में सुधार जारी रखते हुए 71वें स्थान पर पहुंच गए हैं जो उनके करियर की सर्वोच्च रैंकिंग है। ओलंपिक की तैयारी में लगे नागल पिछले सप्ताह 77वें स्थान पर थे। वह पेरुगिया एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट में उपविजेता रहने के कारण छह पायदान आगे बढ़ने में सफल रहे।

पेरिस ओलंपिक के पुरुष एकल के ड्रा में जगह बनाने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी नागल के अब 777 एटीपी अंक हैं। नागल ने हाल में अच्छा प्रदर्शन करके न सिर्फ अपनी रैंकिंग में सुधार किया बल्कि इससे वह ओलंपिक खेलों के पुरुष एकल में जगह बनाने में भी सफल रहे। उन्होंने साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन फ्रेंच ओपन में वह पहले दौर में बाहर हो गए थे। पेरिस ओलंपिक में भी मैच रोलां गैरा में होंगे जहां फ्रेंच ओपन खेला जाता है। नागल ने इस महीने की शुरुआत में जर्मनी में हीलब्रॉन नेकरकप 2024 चैलेंजर प्रतियोगिता और फरवरी में चेन्नई ओपन में पुरुष एकल का खिताब जीता था।

उर्वशी रौतेला और रवि किशन की 'JNU' का ट्रेलर जारी

अभिनेत्री उर्वशी रौतेला इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'JNU: जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी' को लेकर खबरों का हिस्सा बनी हुई हैं। दिग्गज अभिनेता रवि किशन भी इस फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। रश्मि देसाई, विजय राज, पीयूष मिश्रा, सोनाली सैगल, अतुल पांडे और कुंज आनंद जैसे सितारे भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं। अब निर्माताओं ने 'JNU: जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी' का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें उर्वशी समेत तमाम सितारों की झलक दिख रही है। 'JNU: जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी' के ट्रेलर में छात्रों को कई गंभीर मुद्दे उठाते हुए देखा जा सकता है।फिल्म में यूनिवर्सिटी के अंदर चल रही राजनीति दिखाई जाएगी, जिसमें 2 तरह की विचार धाराओं के लोग कई तरह के मुद्दों को लेकर आपस में उलझते हैं। 'JNU' 21 जून, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। इस फिल्म के निर्देशन की कमान विनय शर्मा ने संभाली है तो वहीं प्रतिमा दत्ता फिल्म की निर्माता हैं।



हैदराबाद बलात्कार मामले पर फिल्म बनाएंगी मेघना गुलजार, करीना-आयुष्मान आएंगे साथ

हिंदी सिनेमा के शानदार कवि-निर्देशक गुलजार की बेटी मेघना गुलजार भी एक बेहतरीन निर्देशक हैं। उन्होंने यह बात 'तलवार', 'राजी' और 'सैम बहादुर' जैसी फिल्में देकर साबित की है। समीक्षकों द्वारा प्रशंसित और सफल फिल्में देने वाली मेघना अपनी फिल्म दर्शकों के सामने पेश करने के लिए तैयार हैं। निर्देशक ने साल 2019 में हैदराबाद में हुए बलात्कार मामले पर आधारित फिल्म बनाने का फैसला किया। फिल्म के लिए मेघना ने इंडस्ट्री के दो नामी सितारों से संपर्क किया है। पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक, इस प्रोजेक्ट से जुड़े करीबी सूत्रों ने खुलासा किया है कि मेघना की फिल्म हैदराबाद बलात्कार मामले पर आधारित है।

निर्देशक इस साल के अंत तक इस फिल्म की शूटिंग शुरू करने का मन बना रही हैं। इस समय फिल्म के लिए कास्टिंग चल रही है और अभी फिल्म का नाम तय नहीं किया गया है। मेघना अपनी इस आगामी फिल्म के लिए करीना कपूर खान और आयुष्मान खुराना से बातचीत कर रही हैं। सूत्र ने बताया, 'यह एक दमदार फिल्म है, जिसमें करीना और आयुष्मान जैसे कलाकारों की मौजूदगी जरूरी है। दोनों ने स्क्रिप्ट पढ़ी है और मामले से जुड़ी जानकर दोनों ही हैरान रह गए हैं। 'तलवार' के बाद, यह एक और फिल्म होगी, जो देश को चौंका सकती है और केस के बारे में चर्चा को बढ़ावा दे सकती है।' सूत्र के मुताबिक, करीना और आयुष्मान दोनों को ही फिल्म की स्क्रिप्ट बहुत पसंद आई है। करीना और आयुष्मान ने फिल्म करने के लिए सहमति दे दी है, लेकिन अभी कागजों पर चीजें होना बाकी है। कागजी कार्रवाई आगामी 2 सप्ताह में पूरी होने की उम्मीद है। सूत्र ने बताया, 'मेघना 2024 के अंत तक फिल्म की शूटिंग किसी भी हालत में शुरू करना चाहती हैं। यह फिल्म 2025 में सिनेमाघरों में दस्तक देगी।' उन्होंने आगे बताया कि मेघना और उनकी टीम इस मामले को पूरी संवेदनशीलता के साथ पेश करने की योजना बना रही है।

अनिल कपूर ने शुरू की 'सूबेदार' की तैयारी



फिल्म 'एनिमल' और 'फाइटर' की सफलता के बाद अनिल कपूर पिछली बार दिव्या खोसला कुमार के साथ फिल्म 'सवीः ए ब्लडी हाउसवाइफ' में नजर आए थे, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। अब अनिल फिल्म 'सूबेदार' में नजर आएंगे, जिसके निर्देशन की कमान सुरेश त्रिवेणी ने संभाली है। ताजा खबर यह है कि अनिल ने 'सूबेदार' की शूटिंग शुरू कर दी है। अभिनेता ने फिल्म की तैयार में जुट गए हैं। 'सूबेदार' में अनिल जबरदस्त एक्शन करते नजर आएंगे। अभिनेता ने फिल्म के सेट से अपनी एक तस्वीर साझा की है, जिसमें वह एक शख्स से भिड़ते हुए नजर आ रहे हैं। अनिल ने लिखा, 'अभी तो हाथ उठा ही कहा है, ये तो बस तैयारी है।' 'सूबेदार' सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देगी। फिलहाल फिल्म की रिलीज तारीख सामने नहीं आई है।

सलमान के साथ फिल्म बनाएंगे एटली, जल्द हो सकती है घोषणा

पिछले साल 'जवान' से दुनियाभर में धमाका करने वाले निर्देशक एटली का नाम पिछले काफी समय से सुर्खियों में है। दावा किया जा रहा है कि निर्देशक की अगली फिल्म ठंडे बस्ते में चली गई है, जिसमें अल्लू अर्जुन मुख्य भूमिका में दिखने वाले थे। अभी ये चर्चा बंद भी नहीं हुई थी कि वह फिर खबरों में आ है। दरअसल, दावा किया जा रहा है कि एटली सलमान खान के साथ काम करते दिखाई देंगे। तेलुगु 360 की एक रिपोर्ट के अनुसार, अल्लू और एटली की फिल्म कथित तौर पर बंद कर दी गई है। ऐसे में निर्देशक ने एक नई फिल्म बनाने का विचार किया, जिसका प्रस्ताव उन्होंने बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान को दिया है।

रिपोर्ट के अनुसार, सलमान को निर्देशक का विचार पसंद आया है और दोनों फिल्म की स्क्रिप्ट को लॉक करने के लिए तैयार हैं। अगर सब कुछ ठीक रहा तो निर्देशक जल्द ही इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इस फिल्म का निर्माण दक्षिण भारतीय सिनेमा का मशहूर प्रोडक्शन हाउस सन पिक्चर्स करने जा रहा है। एटली और सलमान जल्द ही इसकी घोषणा कर सकते हैं।

सलमान और एटली दोनों को इस फिल्म के लिए भारी भरकम फीस का ऑफर दिए जाने की बात भी सामने आई है। फिल्म पर निर्देशक इस साल काम जरूर शुरू कर दें, लेकिन इसकी शूटिंग अगले साल शुरू होगी।

बंगाल रेल दुर्घटना पर रेलवे बोर्ड की सफाई

कवच' से लैस नहीं था रूट, मानवीय भूल से हुआ हादसा

एजेंसी । नई दिल्ली/कोलकाता

बंगाल में हुए रेल हादसे के बाद से ट्रेन टक्कर रोधी प्रणाली 'कवच' को लेकर उठाये जा रहे सवालों पर रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा ने कहा कि यह मार्ग 'कवच' से लैस नहीं था। उन्होंने कहा कि इस मार्ग के लिए स्वचालित टक्कर रोधी ट्रेन सुरक्षा प्रणाली 'कवच' की योजना बनाई जा रही है जो अभी वहां नहीं है। मालगाड़ी के चालक की ओर से संभावित मानवीय भूल की ओर इशारा करते हुए सिन्हा ने कहा कि न्यू जलपाईगुड़ी के निकट टक्कर संभवतः इसलिए हुई क्योंकि मालगाड़ी ने सिग्नल की अनदेखी की और अगरतला से सियालदह जा रही कंचनजंघा एक्सप्रेस को टक्कर मार दी। रेलवे बोर्ड अधिकारी ने बताया कि इस दुर्घटना में मालगाड़ी के इंजन चालक की मौत हो गई। रेलवे बोर्ड अध्यक्ष के अनुसार, इस घटना में पांच लोगों की मौत हो गई। हालांकि, पश्चिम बंगाल पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार मृतकों की संख्या 15 है। रेलवे बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि हादसे में पांच यात्रियों की मौत हुई है। मालगाड़ी के लोको पायलट और कंचनजंघा एक्सप्रेस के गार्ड की भी मौत हादसे में हुई है। उन्होंने बताया कि करीब 50 यात्री घायल हुए हैं, जिन्हें उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

'सुरक्षा रेलवे की पहली प्राथमिकता'

उन्होंने बताया कि हादसे में कंचनजंघा एक्सप्रेस का एक गार्ड कोच और दो पार्सल कोच नष्ट हो गए और इन तीन कोचों के कारण ही यात्री कोच पर ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ा। रेलवे बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि जनरल डिब्बे पर भी असर पड़ा है। उनकी प्राथमिकता यात्रियों को बचाना था। अब यह काम पूरा हो गया है। एरिया अफसर और उनकी टीम न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन से 10 किलोमीटर दूर स्थित दुर्घटनास्थल पर पहुंच गई है। अध्यक्ष ने यह भी कहा कि सुरक्षा रेलवे की पहली प्राथमिकता है।

'कवच का क्रियान्वयन मिशन मोड पर'

उन्होंने कहा कि वे यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं कि ट्रेन परिचालन सुरक्षित रहे। कवच को लेकर उन्होंने कहा कि इसका क्रियान्वयन मिशन मोड पर किया जा रहा है। यह 1,500 किलोमीटर रेलवे ट्रैक पर पहले से ही क्रियाशील है, जबकि इस वर्ष के अंत तक इसमें 3,000 किलोमीटर और जोड़ दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि देश के रेलवे नेटवर्क में कवच परियोजना का तेजी से क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए आपूर्तिकर्ताओं द्वारा सुरक्षा प्रणाली का उत्पादन बढ़ाया जाना चाहिए। हादसे में घायल लोगों के बारे में उन्होंने कहा कि घायलों को सिलीगुड़ी स्थित उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है और वहां उनका इलाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हादसे के बाद स्थानीय लोग घटनास्थल पर सबसे पहले पहुंच गए थे। राज्य और जिला प्रशासन के अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे। एनडीआरएफ, सेना और अन्य दल भी बचाव के लिए मौके पर पहुंच गए थे।

मोदी सरकार पर हमलावर हुई कांग्रेस, बताया 'घोर कुप्रबंधन'

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी में हुए रेल हादसे को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरना शुरू कर दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी ने दुर्घटना को रेल मंत्रालय का घोर कुप्रबंधन करार दिया है। इतना ही नहीं कांग्रेस ने इसके लिए मोदी सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए आलोचना भी की है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और इसके पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पश्चिम बंगाल में ट्रेन दुर्घटना में कई यात्रियों की मौत पर सोमवार को शोक जताया और रेल मंत्रालय के 'घोर कुप्रबंधन' का जिक्र करते हुए नरेन्द्र मोदी सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि वह पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में कंचनजंगा एक्सप्रेस ट्रेन से एक मालगाड़ी की टक्कर से बेहद व्यथित हैं जिससे कई यात्रियों की जान चली गई और कई अन्य घायल हो गए। खरगे ने आगे कहा कि दुर्घटना के दृश्य हृदय विदारक हैं। हमारी संवेदनाएं पीड़ितों के परिवारों के साथ हैं। दुख की इस घड़ी में, हम उनमें से प्रत्येक के प्रति अपनी एकजुटता और संवेदना व्यक्त

करते हैं। हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। उन्होंने मांग की कि पीड़ितों को तत्काल पूरा मुआवजा प्रदान किया जाना चाहिए। खरगे ने आरोप लगाया कि पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार रेल मंत्रालय के 'घोर कुप्रबंधन' में लिप्त रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि एक जिम्मेदार विपक्ष के रूप में यह रेखांकित करना उनकी पार्टी का कर्तव्य है कि कैसे मोदी सरकार ने रेल मंत्रालय को व्यवस्थित रूप से 'कैमरा-संचालित' स्व-प्रचार के मंच में बदल दिया है।

न्यूज़ ब्रीफ

अमेरिकी NSA जेक सुलिवन से पीएम मोदी ने की मुलाकात

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्रीय राजधानी में अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन से मुलाकात की है। इस बात की जानकारी उन्होंने खुद सोशल मीडिया के माध्यम से दी है। जिसमें उन्होंने लिखा कि भारत वैश्विक भलाई के लिए अमेरिका के साथ अपनी वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

हरियाणा वालों को बड़ी राहत, बिजली बिल पर मंथली रेंट खत्म

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने राज्य के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है। राज्य सरकार की ओर से यह निर्णय लिया गया है कि जितने यूनिट बिजली खर्च होगी, उतना ही बिल आएगा। इस तरह मंथली मिनिमम चार्ज (MMC) को समाप्त कर दिया है। बताया जा रहा है कि अब प्रदेश में जिन लोगों के घरों में 2 किलोवाट तक के मीटर लगे हुए हैं, उन्हें केवल खर्च की गई यूनिट का ही बिल भरना होगा। इस फैसले से राज्य के करीब साढे 9 लाख बिजली उपभोक्ताओं को लाभ होने वाला है। अब तक उपभोक्ताओं से बिजली विभाग प्रति किलोवाट 115 रुपये मासिक शुल्क के रूप में वसूल रहा था। खर्च हुई यूनिट के पैसों के साथ यह शुल्क जुड़ने से बिल बढ़ जाता था।

अखिलेश यादव ने भाजपा को दी नसीहत

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को एक बार फिर प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक मामले को लेकर भाजपा सरकार को घेरा। अखिलेश ने कहा कि विभिन्न परीक्षाओं का पेपर लीक होना, परीक्षा में सेंटर से लेकर सॉल्वर तक की धांधली, परीक्षा कराने वाली एजेंसी का काम शक के घेरे में आना, रिजल्ट में ग्रेस मार्क्स की हेराफेरी, मनचाहे सेंटर मिलना, एक ही सेंटर से कई छात्रों का चयन होना और 100 प्रतिशत आना केवल परीक्षा प्रबंधन की समस्या नहीं है। इन सबसे बढ़कर यह एक मानसिक त्रासदी है, जिससे न केवल परीक्षा देने वाले युवा बल्कि उनके माता-पिता भी ग्रसित हो रहे हैं। सरकार इस संकट को एक मनोवैज्ञानिक दृष्टि से भी देखे और कम से कम युवाओं के मामलों को अपने चौतरफा भ्रष्टाचार से मुक्त रखें।

पूर्व सीएम येदियुरप्पा POCSO मामले में CID के समक्ष हुए पेश

बेंगलुरु। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वयोवृद्ध नेता बीएस येदियुरप्पा सोमवार को पॉक्सो मामले में पूछताछ के लिए सीआईडी पुलिस के सामने पेश हुए। सीआईडी उनसे मामले से जुड़े तथ्यों के बारे में जानने की कोशिश करेगी। सीआईडी की एसपी सारा फातिमा इस मामले में येदियुरप्पा से पूछताछ करेंगी। पेश होने से पहले बीएस येदियुरप्पा ने सोमवार को कहा कि मैं अब सीआईडी के पास जा रहा हूं। राज्य सरकार इस मामले को गंभीरता से ले रही है। कांग्रेस शासित राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि राज्य के लोग पहले से ही कई समस्याओं का सामना कर रहे हैं। लोग महंगाई से परेशान हैं। पेट्रोल और डीजल की कीमत बढ़ाने का राज्य सरकार का फैसला अपराध है। राज्य सरकार को तुरंत अपना फैसला वापस लेना चाहिए।

पानी रोकने से बड़ा कोई पाप नहीं है..

आप नेता ने दिल्ली जल संकट को बताया भाजपा प्रायोजित

एजेंसी । नई दिल्ली

दिल्ली जल संकट के लिये आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर आरोप लगाया है। आप पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने सोमवार को आरोप लगाते हुये कहा कि दिल्ली में जल संकट भारतीय जनता पार्टी द्वारा जानबूझकर उत्पन्न किया गया है। सिंह ने कहा कि यह संकट भाजपा के उपराज्यपाल, हरियाणा सरकार और भाजपा द्वारा प्रायोजित है। यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए संजय सिंह ने भाजपा पर राष्ट्रीय राजधानी के निवासियों के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया। इन आरोपों पर फिलहाल भाजपा की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। सिंह ने कहा, "हमारा मानना है कि प्यासे को पानी पिलाने से ज्यादा पुण्य का काम नहीं होता और पानी रोकने से बड़ा कोई पाप नहीं है।" उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले कई दिनों से दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रायोजित जल

संकट है। आप नेता ने कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रायोजित जल संकट है।

उन्होंने कहा, 'मैं बताना चाहता हूं कि भाजपा के लोग चाहते हैं कि दिल्ली के लोगों को पानी न मिले और इसके लिए भाजपा के लोग हरसंभव कोशिश कर रहे हैं कि कैसे भी करके दिल्ली में जल संकट हो।" आप नेता ने कहा कि दिल्ली को हरियाणा से पानी मिलता है और जब भाजपा शासित राज्य आवश्यक पानी नहीं देता है तो पानी की कमी हो जाती है। उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली में पानी कम हो रहा है, क्योंकि हरियाणा से पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है और इसके परिणामस्वरूप दिल्ली में जल संकट पैदा हो गया है। सिंह ने कहा कि दिल्ली को उसका उचित हिस्सा देने के लिए हरियाणा सरकार से बार-बार अनुरोध करने के बावजूद उसे उसका हक नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा, "हम हरियाणा के लोगों के हिस्से का पानी नहीं मांग रहे हैं, हम दिल्ली के हिस्से का पानी मांग रहे हैं, आप वह भी नहीं देना चाहते। जब हम उपराज्यपाल से शिकायत करते हैं, तो शिकायतों का समाधान करने के बजाय उपराज्यपाल अपने राजनीतिक बयान जारी करते रहते हैं।"

मोहन भागवत की बातों का असर

अमित शाह ने की हाई लेवल मीटिंग

एजेंसी । नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पदभार संभालने के बाद एक्शन मोड में नज़र आ रहे हैं। पहले गृहमंत्री की अध्यक्षता में जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले को लेकर उच्च स्तरीय बैठक की गई। जिसके बाद आज शाह ने मणिपुर में चल रहे हिंसा और सुरक्षा की स्थिति को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठ की है। गृहमंत्री द्वारा किए गए इस उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता में केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला, खुफिया ब्यूरो के प्रमुख तपन डेका, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी, जीओसी थ्री कोर एचएस साही, मणिपुर के सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह, मणिपुर के मुख्य सचिव विनीत जोशी, मणिपुर के डीजीपी राजीव सिंह और असम राइफल्स के डीजी प्रदीप चंद्रन नायर मौजूद रहें। यह बैठक दिल्ली के नॉर्थ ब्लॉक में गृह मंत्रालय में हुई। बता दें कि अमित शाह ने रविवार को जम्मू-कश्मीर के रियासी में तीर्थयात्रियों पर हुए हमले को लेकर भी हाई कमान बैठक की थी। जिसके बाद उन्होंने इस मामले की जांच की जिम्मेदारी NIA को सौंपी है।

राज्यपाल ने की थी मुलाकात

बता दें कि इस बैठक से पहले मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके ने गृह मंत्री से उनके कार्यालय में मुलाकात की थी। जहां उन्होंने पूर्वोत्तर राज्यों के बारे में अमित शाह को बताया था। मणिपुर में कुकी और मैतेई समाज के बीच चल रहे संघर्ष के दौरान लगभग 225 लोगों ने अपनी जान खो दी है। यह हिंसा पिछले साल 3 मई से शुरु हुआ था। अब तक संघर्ष की वजह से लगभग 50 हजार लोग बेघर हो चुके हैं। जिसके बाद उन्हें केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहा राहत केंद्रों में रखा गया है।

मणिपुर को शांति का इंतजार

पिछले कुछ हफ्तों में एक बार फिर मणिपुर में हिंसा बढ़ती हुई नजर आ रही है। कुछ दिनों के अंदर एक स्कूल में आग दिया गया। वहीं एक लापता व्यक्ति का कटा हुआ सिर भी पाया गया। इसके अलावा वहां के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के काफिले पर हमला भी किया गया। जिसमें चालक के साथ एक सुरक्षा अधिकारी भी घायल हो गए। वहीं एक हफ्ते पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने मणिपुर हिंसा पर खुल कर बात की थी। उन्होंने कहा था कि मणिपुर पिछले एक साल से शांती के इंतजार में है। इस मुद्दे को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

वायनाड सीट छोड़ेंगे राहुल गांधी, उप चुनाव लड़ेंगी प्रियंका

एजेंसी । नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राहुल गांधी के वायनाड सीट छोड़ने पर से सस्पेंस हटा दिया है। उन्होंने घोषणा की है कि राहुल गांधी वायनाड सीट छोड़ेंगे और रायबरेली सीट से सांसद बने रहेंगे। इसके साथ उन्होंने यह भी कहा कि प्रियंका गांधी केरल की वायनाड सीट से उप चुनाव लड़ेंगी। इस घोषणा के साथ ही खरगे ने वायनाड सीट पर होने वाले उप चुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवार का भी ऐलान कर दिया है। मीडिया को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि राहुल गांधी दो जगह से चुनकर आए हैं लेकिन कानून के अनुसार एक सीट छोड़नी है। इसलिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने मिलकर ये फैसला किया है कि राहुल गांधी वायनाड सीट छोड़ेंगे और अपने परिवार की परंपरागत सीट रायबरेली से सांसद बने रहेंगे। खरगे ने कहा कि रायबरेली सीट पहले से ही गांधी परिवार से जुड़ा रहा है, इसलिए पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए इस सीट से वह सांसद बने रहेंगे।

पिछले पांच साल से वह वायनाड के सांसद थे

राहुल गांधी ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उनका रायबरेली और वायनाड दोनें जगहों से भावनात्मक संबंध है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच साल से वह वायनाड के सांसद थे। इस दौरान वहां के लोगों ने उन्हें बहुत प्यार दिया। वह इसको ताउम्र याद रखेंगे। उन्होंने कहा कि वह अपना प्यार देने और भरोसा जताने के लिए वायनाड के लोगों को धन्यवाद देते हैं और वह समय-समय पर वहां जाते रहेंगे। राहुल ने कहा कि प्रियंका वहां से चुनाव लड़ेंगी और वायनाड के लिए हमने जो वादा किया था, उसे वह पूरा करेंगी। कांग्रेस नेता ने लोकसभा सीट छोड़ने पर कहा कि वायनाड के लोगों ने मुझे बहुत कठिन समय में समर्थन दिया और लड़ने की ऊर्जा दी। उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि हर कोई यह जान ले कि प्रियंका वायनाड से चुनाव लड़ेंगी और हम अपनी प्रतिबद्धताओं पर कायम रहेंगे। वहीं, इस फैसले के बाद प्रियंका गांधी ने वायनाड के लोगों को राहुल की कमी महसूस नहीं होने देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, "मैं वायनाड को राहुल की कमी महसूस नहीं होने दूंगी। मैं कड़ी मेहनत करूंगी, वायनाड में सभी को खुश करने की पूरी कोशिश करूंगी, एक अच्छी प्रतिनिधि बनूंगी।"

पावागढ़ पहाड़ी से हटाई गईं जैन तीर्थंकरों की मूर्तियां दोबारा लगाई जाएंगी

एजेंसी । हालोल

गुजरात के पावागढ़ पहाड़ी पर कालिका माता मंदिर की ओर जाने वाली प्राचीन सीढ़ियों के बगल में स्थापित 500 साल पुरानी जैन तीर्थंकर नेमिनाथ की प्रतिमाओं को हटाए जाने से जैन समाज में आक्रोश है। इसको लेकर गुजरात सरकार ऐक्शन मोड में आ गई है। गुजरात सरकार ने सोमवार को पंचमहल जिले के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सदियों पुरानी जैन मूर्तियों को पावागढ़ पहाड़ी पर कालिका माता मंदिर की ओर जाने वाली सीढ़ियों के पास उनके मूल स्थान पर दोबारा स्थापित करें। बता दें कि जैन समुदाय के लोगों ने कथित तौर पर इन प्राचीन प्रतिमाओं को हटाए जाने पर विरोध प्रदर्शन किया था। समुदाय

के सदस्यों ने आरोप लगाया कि जैन तीर्थंकरों (सर्वोच्च आध्यात्मिक गुरुओं) की इन मूर्तियों को मंदिर ट्रस्ट ने एक जीर्णोद्धार परियोजना के तहत हटा दिया। हालांकि ट्रस्ट की ओर से सफाई दी गई कि सीढ़ियों पर एक पुराने शेड को हटाते समय उन्हें विस्थापित किया गया हो सकता है। ट्रस्ट ने यह भी कहा था कि ऐसा किसी दुर्भावना से नहीं किया गया था। जैन नेता दिनेश शाह ने बताया कि सोमवार की सुबह समुदाय के कुछ सदस्यों ने देखा कि मूर्तियों को साइड की दीवारों से हटाकर एक जगह पर रख दिया गया था। इन 6 से 7 मूर्तियों को हटाए जाने की जानकारी मिलने पर जैन समुदाय के सदस्यों और धार्मिक नेताओं ने वडोदरा, हलोल और सूरत में विरोध प्रदर्शन किया। जैन समाज के लोगों ने जिला कलेक्टरों को ज्ञापन भी सौंपा था। बताया जाता है कि गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के साथ इस मुद्दे पर चर्चा की।

नई पहल — एक्शन मोड में नीतीश सरकार

एक साल में 5.17 लाख नौकरी, 11 लाख रोजगार

एजेंसी । पटना

बिहार में एक बार फिर से नौकरी और रोजगार की बहार आने वाली है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सात निश्चय पार्ट 2 के अंतर्गत सरकारी नौकरी और रोजगार देने के निर्धारित लक्ष्य को मिशन मोड में पूरा करने का निर्देश दिया है। जिसके तहत एक साल के भीतर 5.17 लाख लोगों को सरकारी नौकरी और 11 लाख रोजगार के अवसर सृजित करने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री ने अगले तीन महीनों में 1.99 लाख लोगों को सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र देने का भी आदेश दिया है। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों के प्रमुख को निर्देश जारी कर दिया है। साथ ही सीएम नीतीश ने परीक्षा में होने वाली गड़बड़ी को रोकने के लिए विधानसभा के अगले सत्र में सख्त कानून लाने की भी बात कही है।

सूबे में 5 लाख से ज्यादा पद रिक्त

आपको बता दें राज्य के तमाम विभागों में 5 लाख से ज्यादा पद रिक्त हैं। जानकारी के मुताबिक साल 2025 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले इन सभी पदों पर भर्ती की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। सरकार की कोशिश है कि चुनाव से पहले सारे पदों पर बहाली का काsम पूरा करके पास होने वाले कैंडिडेट को नियुक्ति पत्र दे दिया जाए। सबसे ज्यादा वैकेंसी शिक्षा विभाग और स्वास्थ्य विभाग में निकाली जाएगी। खुद मुख्यमंत्री नीतीश 2025 के चुनाव से पहले 10 लाख लोगों को सरकारी नौकरी देने का वादा पूरा करने की बात कई बार कह चुके हैं। रिक्त पदों की जानकारी विभागों ने सामान्य प्रशासन विभाग को उपलब्ध करा दी है।

सबसे ज्यादा खाली पद शिक्षा विभाग और स्वास्थ्य विभाग में

सूत्रों के अनुसार सबसे ज्यादा खाली पद शिक्षा विभाग और स्वास्थ्य विभाग में हैं। इसके अलावा गृह, ऊर्जा, ग्रामीण विकास, जल संसाधन, परिवहन, राजस्व एवं भूमि सुधार, श्रम संसाधन समेत कुल 45 विभागों में भी बहाली होनी है। ऐसे में आने वाले वक्त में बिहार में युवाओं के लिए नौकरी और रोजगार की बहार आने वाली है। हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में विपक्ष ने रोजगार को बड़ा मुद्दा बनाया था जिसके जवाब में नीतीश कुछ समय पहले शिक्षकों की बड़ी भर्ती का जिक्र करते थे और कहते थे कि उनके काम का श्रेय लेने की कोशिश चल रही है।

उत्तर भारत में खत्म होगा लू का प्रकोप, IMD ने दी गुड न्यूज

एजेंसी । नई दिल्ली

भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने ताजा बुलेटिन में पूर्वानुमान जताया है कि 18 और 19 जून से दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा और पंजाब समेत पूरे उत्तर भारत में प्रचंड लू से राहत मिल सकती है और देर शाम तक बूंदाबांदी हो सकती है। आईएमडी की वैज्ञानिक सोमा सेन के मुताबिक, 18 या 19 जून से बिहार और झारखंड के ऊपर एक पश्चिमी विक्षोभ बनने की उम्मीद है। इसके अलावा अरब सागर से दक्षिण-पश्चिमी हवाएँ 18 या 19 जून तक पंजाब, हरियाणा और दिल्ली-एनसीआर में कुछ नमी ला सकती है, जिससे प्रचंड लू से राहत मिल सकती है। IMD ने कहा है कि इस दिन से उत्तर भारत में धीरे-धीरे लू की स्थिति में कमी और आसमान में बादलों का डेरा छाने की संभावना है। IMD ने कहा है कि इस दौरान रह रहकर बूंदाबांदी भी हो सकती है। इससे लोगों को राहत मिल सकती है।



फिलहाल दिल्ली समेत पूरा उत्तर भारत लू की प्रचंड चपेट में है। मौसम विभाग ने दिल्ली में गर्मी को देखते हुए रेड अलर्ट जारी किया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार को सुबह गर्म रही और न्यूनतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से 5.5 डिग्री अधिक है।